उज्जैन
सोमवार
16
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-131
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



एकता कपूर लॉन्च करेंगी हुनर कलाकारों को मिलेगा नया मंच: बालाजी टेलीफिल्म्स की नई कंपनी एक्टर्स-क्रिएटर्स को देगी बेहतर मौके, गाइडेंस और मजबूत प्लेटफॉर्म

पेज- 8

## कांग्रेस विधायकों को 5-5 करोड़ ऑफर हुए: डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में राज्यसभा चुनाव से पहले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने आरोप लगाया कि ओडिशा कांग्रेस के विधायकों को क्रॉस-वोटिंग के लिए 5-5 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। शिवकुमार ने रविवार को कहा कि ओडिशा के चार लोग बेंगलुरु के पास बिदादी स्थित एक रिसॉर्ट पहुंचे थे, जहां ओडिशा कांग्रेस के विधायक ठहरे हुए हैं। यहां उन्होंने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस-वोटिंग के बदले विधायकों को पैसे देने की पेशकश की। शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और तुरंत पार्टी नेतृत्व को इसकी जानकारी दी।

## राज्यसभा की 11 सीटों पर वोटिंग शुरू, 37 में 26 पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव के लिए सोमवार सुबह 9 बजे वोटिंग शुरू हो गई है। शाम 4 बजे तक मतदान होगा, जबकि 5 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। देश के 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के नतीजे शाम तक आ जाएंगे। इनमें से 7 राज्यों की 26 सीटों पर तस्वीर लगभग साफ है। यहां उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 सीटों के लिए मतदान हो रहा है। इन तीन राज्यों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। मौजूदा स्थिति में 37 में से 25 सीटें इंडिया गठबंधन के पास हैं, जबकि 12 सीटें एनडीए के खाते में हैं। चुनाव के बाद तस्वीर बदल सकती है। एनडीए को 8 सीटों का फायदा हो सकता है।

## तैयारी की कमी से पैदा हुई लापता गैस की स्थिति : अखिलेश



**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी की कथित कमी को लेकर राजनीति तेज हो गई है। अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में एलपीजी संकट खराब तैयारी का परिणाम है। उन्होंने रविवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बयान दिया और दावा किया कि देशभर में गैस की कमी से आम लोग प्रभावित हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पार्टी के विजन इंडिया कार्यक्रम में हिस्सा लेने मुंबई पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार देश को विश्वगुरु बनाने की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर आम लोगों की समस्याओं को दूर करने में असफल रही है।

## सीयूईटी पीजी 2026 के एडमिट कार्ड जारी, 16 से 19 मार्च तक देशभर में होगी परीक्षा

**नइ दिल्ली।** उच्च शिक्षा में प्रवेश की तैयारी कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। 2026 के एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है, वे अब अपना हॉल टिकट ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा 16 मार्च से 19 मार्च के बीच देशभर के 292 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। एजेंसी के अनुसार उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपनी आवेदन संख्या और जन्मतिथि दर्ज कर लॉगिन करना होगा। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड का प्रिंट आउट पहले से निकाल लें, क्योंकि बिना एडमिट कार्ड के किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे लगी आग

# 10 मरीजों की मौत, 11 कर्मचारी भी झुलसे

### मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ कटक

ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई।





आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के वार्ड में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है। श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

## ईरान ने इजराइल पर सेजिल बैलिस्टिक मिसाइल दागी


### इस जंग में पहली बार इस्तेमाल की गई, 2500 किमी तक टारगेट हिट कर सकती है

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 17वां दिन है। ईरान ने रविवार को इस जंग में पहली बार इजराइल पर सेजिल बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि इजराइल के सैन्य और डिफेंस फैसिलिटी को निशाना बनाया गया है। यह सॉलिड फ्यूल वाली स्ट्रेटेजिक मिसाइल है, जो 2000-2500 किलोमीटर तक हमला कर सकती है।

वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कल कहा कि ईरान ने न तो युद्धविराम की मांग की है और न ही अमेरिका से बातचीत की कोशिश की है। जब तक जरूरत होगी ईरान खुद की रक्षा करता रहेगा।



### जंग के बीच यूएई में 19 भारतीय गिरफ्तार

जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया, जिनमें 19 भारतीय हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक वीडियो और जानकारी फैलाने का आरोप है। यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्स ने बताया कि यह कदम डिजिटल प्लेटफॉर्म की निगरानी के बाद उठाया गया है, ताकि झूठी जानकारी फैलाकर अशांति या डर फैलाने से रोका जा सके।

सीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि ईरान इस संघर्ष में पीछे हटने वाला नहीं है। जब तक ट्रम्प यह नहीं मान लेते कि यह गैरकानूनी युद्ध है, तब तक ईरान जवाब देता रहेगा।

## दुबई एयरपोर्ट के पास ईरानी ड्रोन हमले से भीषण आग, सभी उड़ानें रद्द

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ दुबई

दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सोमवार को एक ईरानी ड्रोन द्वारा ईंधन टैंक को निशाना बनाए जाने के बाद भीषण आग भड़क उठी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और धुएं के गुबार दूर तक देखे गए। आपातकालीन टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और अधिकारियों के अनुसार स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है।

दुबई मीडिया ऑफिस ने बताया कि ड्रोन घटना ने एयरपोर्ट के आसपास मौजूद एक फ्यूल टैंक को प्रभावित किया, जिसके बाद सिविल डिफेंस टीमों ने तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### एयरपोर्ट पर उड़ानें सस्पेंड

इसी बीच, दुबई सिविल एवेएशन अथोर्टी ने यात्री और स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की है। यह कदम एहतियातन उठाया गया है ताकि किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिए गए थे और आग पर काबू पाते ही स्थिति सामान्य करने के प्रयास जारी हैं। हाल के दिनों में एयरपोर्ट के आसपास ड्रोन खतरों के कई मामले सामने आने से सुरक्षा एजेंसियों की चिंता भी बढ़ी है। वहीं, मिडिल ईस्ट संघर्ष बढ़ने के बाद वएए पहले ही ईरान की ओर से बड़ी संख्या में मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना कर चुका है, जिनका असर इसके महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे। एयरपोर्ट, पोर्ट और तेल सुविधाओं पर पड़ा है।

### ओडिशा में भीषण बवंडर से तबाही

## दो लोगों की मौत, 17 घायल 100 से अधिक घर क्षतिग्रस्त



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भुवनेश्वर

ओडिशा मयूरभंज जिला में रविवार दोपहर आए अचानक बवंडर ने भारी तबाही मचा दी। अधिकारियों के अनुसार इस प्राकृतिक आपदा में दो लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 17 लोग घायल हो गए हैं। तेज हवाओं और तूफानी परिस्थितियों के कारण 100 से अधिक घरों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। बवंडर ने जिले के कराजिया क्षेत्र के कई गांवों को प्रभावित किया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए।

प्रशासन के मुताबिक यह बवंडर रविवार शाम करीब चार बजे के आसपास शुरू हुआ और लगभग 30 मिनट तक क्षेत्र में तेज गति से चलता रहा। इस दौरान बवंडर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसे कई गांवों में भारी नुकसान पहुंचाया। खास तौर पर किया और कंकडा गांव में बवंडर का असर सबसे अधिक देखा गया, जहां कई मकानों की छतें उड़ गईं और पेड़ तथा बिजली के खंभे जड़ से उखड़ गए। इसके अलावा आसपास के पनापासी और डुमुरिया गांव भी इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए हैं।

## फोर्ब्स 2026- भारत में एक साल में 24 अरबपति बढ़े

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 2025 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया।

उनकी कंपनी आर्सेलरमित्तल के शेयरों में 80% से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है।

इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं।

**टॉप-10 में उदय कोटक की नई एंट्री-** तीसरे नंबर पर ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल हैं। वे भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। लिस्ट में 20 भारतीय महिला अरबपति शामिल हैं।




## खबर एक नजर...

### महाकाल दर्शन के लिए आया श्रद्धालु चोरों का निशाना बना

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सक्रिय छोटे अपराधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। ताजा मामले में महाकाल दर्शन के लिए आए बिहार के एक श्रद्धालु का मोबाइल फोन रेलवे स्टेशन के मुसाफिरखाने से चोरी हो गया। घटना उस समय हुई जब यात्री रात में गहरी नींद में सो रहा था। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार बिहार निवासी अमन शनिवार को उज्जैन पहुंचा था। वह बाबा महाकाल के दर्शन के लिए शहर आया था और रात होने पर रेलवे स्टेशन स्थित मुसाफिरखाने में ठहर गया। देर रात वह वहीं सो गया। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौके का फायदा उठाते हुए उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। सुबह जब अमन की नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब है। आसपास तलाश करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर उसने तत्काल जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की जा सके। रेलवे स्टेशन और मुसाफिरखाने जैसे सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों की भीड़ और लापरवाही का फायदा उठाकर इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं।

### नगर निगम का होली मिलन समारोह आयोजित

**उज्जैन।** रविवार को नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह मंगलनाथ रोड स्थित श्री गौड ब्राह्मण समाज के नीलकंठ महादेव प्रांगण में विधायक  अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया तत्पश्चात कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला एवं गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कहा कि नगर निगम के परिवार में सभी मिलजुल कर कार्य करते हैं जो समस्याएं कर्मचारी संघ द्वारा बताई जाती है उसका तत्काल निराकरण किया जाता है क्योंकि नगर निगम के कर्मचारियों की मांगो को ध्यान में रखेंगे तो कार्य को लेकर सकारात्मकता आएगी। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कहा कि निगम में कार्य करते हुए परिवार से ज्यादा जुड़ाव नगर निगम के स्टाफ से हो जाता है क्योंकि दिन रात आप सभी के बीच रहते हुए कार्य संपन्न किए जाते हैं आप सभी के सहयोग से निगम की सारी व्यवस्थाएं समुचित ढंग से होती है कार्य के साथ-साथ अपनी सेहत एवं सुरक्षा का भी ध्यान रखें साथ ही टीम भावना के रूप में कार्य करते हुए एक जुट होकर कार्य करें।

### कलेक्टर द्वारा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया

**उज्जैन।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगामी 17 मार्च को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ यादव के द्वारा शिप्रा विहार में बनने वाले गीता भवन का भूमि पूजन भी किया जाएगा। इसी के मद्देनजर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा रविवार को अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री डॉ यादव के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, सीईओ उज्जैन विकास प्राधिकरण संदीप सोनी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर

# प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे गीता भवन

**5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान, 100 निकायों में भूमि उपलब्ध, 4 शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को मिली मंजूरी**

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए 'गीता भवन' परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में भारतीय दर्शन, कला और साहित्यिक विमर्श के लिए एक आधुनिक अवसंरचना तैयार करना है। इंदौर और जबलपुर में निर्मित गीता भवन की सफलता को आधार मानते हुए अब इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है।

#### 4 शहरों में प्रोजेक्ट्स स्वीकृत, 100 निकायों में भूमि चिन्हांकित

योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रीवा (5 करोड़ रुपये), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपये), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 6 नगर निगमों सहित 100 नगर पालिकाओं में 'ग्रीनफील्ड' प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, जिनकी डीपीआर (उढ्फ) को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शेष 313 नगरीय निकायों में भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है और जिला कलेक्टरों के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया प्रचलन में है।

#### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे सांस्कृतिक केंद्र

प्रत्येक 'गीता भवन' को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके प्रमुख घटकों में अत्याधुनिक ऑडिटोरियमः वृहद स्तर पर सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों के लिये ज्ञान का केंद्रः ज्ञानार्जन के लिए समृद्ध लाइब्रेरी एवं हाई-टेक ई-लाइब्रेरी। व्यावसायिक एवं जन-सुविधाएंः कैफेटेरिया और विशेष रूप से पुस्तकों एवं आध्यात्मिक सामग्री के लिए समर्पित विक्रय केंद्र शामिल हैं।

---

# 2 एमसीएम पानी स्नान के लिए नर्मदा से ले रहे, यह 10 दिन जलप्रदाय जितना

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

मार्च के इसी सप्ताह में आने वाले स्नान पर्वों के लिए प्रशासन नर्मदा से दो एमसीएम (मिलियन क्यूबिक मीटर) पानी ले रहा है। यह (70.629 मिलियन क्यूबिक फीट) पानी शहर में 10 दिन तक पेयजल आपूर्ति इतना है। इसी पानी को 12 अप्रैल से शुरू हो रही पंचक्रोशी यात्रा के स्नान के लिए संभाले रखना चुनौती रहेगा।

शिप्रा नदी और इसके आसपास कई निर्माण चल रहे हैं, जिनसे पानी गंदा होने का अंदेशा है। इसके पूर्व पर्व स्नान के लिए 14 जनवरी को डेढ़ एमसीएम पानी नर्मदा से लिया था, लेकिन उसे भी साफ नहीं रख पाए। 18-19 मार्च को गुड़ी पड़वा, नवसंवतसर और भूतड़ी अमावस्या के स्नान पर्व हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए शिप्रा के घाटों और कालियादेह महल के 52 कुंड पर आएंगे। लिहाजा प्रशासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) से नर्मदा का पानी शिप्रा में ले रहा है। 13 मार्च यानी दो दिन से पाइपलाइन के जरए पानी ?गऊघाट पर शिप्रा में आ रहा है।




इधर, त्रिवेणी के यहां मिट्टी का कच्चा बांध टूटने से कान्ह का गंदा पानी शिप्रा में मिल रहा। साथ ही शिप्रा में पुल निर्माण और नदी के आसपास नए घाटों के निर्माण चल रहे हैं। ऐसे में वर्तमान में नदी में मौजूद पानी काफी दूषित, काला और गंदा है। जिम्मेदारों का तर्क है कि निर्माण वाले कुछ स्थानों पर पाइप डाल दिए गए हैं और कुछ जगह बहाने के लिए रास्ता बनाया है, जिनसे पानी आगे बहता चला जाएगा। हालांकि वे स्वीकारते हैं कि नर्मदा का पानी आने से दो दिन से शिप्रा में जमा गंदा पानी आगे बह रहा है, ये पूरा आगे बह जाएगा। इसके बाद नदी में और कुंड पर साफ पानी जमा हो सकेगा।

**निर्माण न रुके व पानी भी साफ रहे इस पर नजर रहेगी-** स्नान पर्व के लिए शिप्रा में नर्मदा का पानी ले रहे हैं। निगाह रखे हैं कि निर्माण भी प्रभावित न हो और पानी भी साफ ही रहे। - **रौशन सिंह, कलेक्टर**

---

**बाजार दर से जमीन मुआवजे की मांग**

## उज्जैन-जावरा हाइवे प्रभावित 62 गांवों के किसान सीएम हाउस पहुंचे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन-जावरा न्यू फोरलेन हाइवे से प्रभावित 62 गांवों के 400 किसान शनिवार रात भोपाल पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर जमीन का बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा तय करने की मांग की।

किसानों ने उज्जैन-इंदौर मार्ग के प्रभावितों को मिले मुआवजे का फामूर्ला लागू करने की बात रखी। किसान प्रतिनिधि दिनेश पटेल ने कहा कि मौजूदा गाइडलाइन में जमीन की कीमत 2 से 4 लाख रुपए बीघा तय हो रही है, जो बाजार दर से करीब 10 गुना कम है। मुख्यमंत्री ने किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। किसान मुकेश धानक, देवीलाल पाटीदार, संजय शर्मा, संजय धाकड़, बद्रीलाल पाटीदार, कान्हा धाकड़ और दीपक ने कहा कि अफसर उज्जैन-जावरा रोड प्रभावितों के साथ अलग रवैया अपना रहे हैं। उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड प्रभावितों जैसा मुआवजा उन्हें नहीं मिल रहा। किसानों ने सही मुआवजा नहीं मिलने पर फिर आंदोलन की चेतावनी दी। आश्वासन के बाद सीएम डॉ. यादव का स्वागतः किसानों का पक्ष जानने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को कहा कि चिंता न करें। सड़क भी सबको मिलेगी और जमीन का मुआवजा भी अच्छा मिलेगा। संबंधित अधिकारियों को इसके निर्देश दे दिए हैं। सीएम से मिले आश्वासन के बाद किसानों ने सीएम का स्वागत किया।

---

# सड़क चौड़ीकरण की रफ्तार पर प्रशासन सख्त

**संभाग आयुक्त ने साइट पर पहुंचकर परखी गुणवत्ताः खजूर वाली मस्जिद, केडी गेट, जुना सोमवारिया से कोयला फाटक, तेलीवाड़ा तक निरीक्षण, रात में भी सड़क निर्माण और नालों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश**

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

शहर में चल रहे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों को लेकर प्रशासन ने अब गति और गुणवत्ता दोनों पर सख्ती बढ़ा दी है। रविवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ विभिन्न प्रगतिरत मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति और तकनीकी गुणवत्ता की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में, तकनीकी मानकों के अनुरूप और बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण कार्यों में किसी भी प्रकार की



लापरवाही या धीमी गति स्वीकार नहीं की जाएगी। संभाग आयुक्त और निगम आयुक्त ने खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट होते हुए जुना सोमवारिया तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए गए कि नाली निर्माण कार्य की गति बढ़ाई जाए और इसमें प्री स्टेट क्वालिटी तकनीक का उपयोग कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि बरसात में जल निकासी की समस्या न हो।

**सीवरेज लाइन और विद्युत कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश-** वीडी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए संभाग आयुक्त ने कहा कि डीएलसी सड़क के ऊपर डाली जा रही टाटा कंपनी की सीवरेज लाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि सड़क निर्माण में देरी न हो। इसके साथ ही विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर और सप्लाई से जुड़े कार्यों को समय रहते पूर्ण किया जाए, जिससे निर्माण कार्य में बाधा न आए।

**रात की शिफ्ट में होगा पीक्यूसी सड़क निर्माण-** संभाग आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए रात्रिकालीन शिफ्ट में पीक्यूसी का कार्य करने के निर्देश दिए।

**कोयला फाटक-तेलीवाड़ा मार्ग पर पीक्यूसी शुरू करने के निर्देश-** कोयला फाटक से तेलीवाड़ा मार्ग का निरीक्षण करते हुए संभाग आयुक्त ने पाया कि यहां डीएलसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि अब पीक्यूसी का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए और साथ ही प्रगतिरत नाली निर्माण को भी जल्द पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, कंसल्टेंट और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

उज्जैन
सोमवार
16
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**प्रथमेनार्जिता विद्या द्वितीयेनार्जितं धनं।**
**तृतीयेनार्जितः कीर्तिः चतुर्थे किं करिष्यति।।**

**अर्थः** जिसने पहले अर्थात् ब्रह्मचर्य आश्रम में ज्ञान अर्जित नहीं किया, दूसरे अर्थात् गृहस्थ आश्रम में धन नहीं कमाया, तीसरा अर्थात् वानप्रस्थ आश्रम में यश नहीं अर्जित किया, वह चौथे अर्थात् संन्यास आश्रम में क्या करेगा?

### रणजीत लोक बनाने के लिए दिन के बजाए रात में हो रहा काम, दर्शन व्यवस्था में परिवर्तन

# रणजीत हनुमान मंदिर के भव्य स्वरूप का काम तेज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर में रणजीत लोक का काम तेजी से चल रहा है। छोटी पार्किंग के साथ ही मंदिर के मुख्य गेट के सामने भी काम चल रहा है। इस काम के चलते दर्शन व्यवस्थाओं में भी परिवर्तन किया जा चुका है। अब मुख्य गेट के बजाए बड़ी पार्किंग से लोग दर्शन करने के लिए मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। अंदर भी तीन स्टेप दर्शन व्यवस्था रखी गई है, ताकि एक बार में कई श्रद्धालु दर्शन कर सके। हालांकि भक्तों की भीड़ को देखते हुए दिन के बजाए रात में काम किया जा रहा है।

बता दें कि रणजीत हनुमान मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। रोजाना हजारों भक्त मंदिर में दर्शन करने आते हैं। मंदिर में रणजीत लोक बनाकर मंदिर का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस पर कुल 7 करोड़ रुपए खर्च होंगे।



**पाथ-वे की दीवारों पर रामायण और सुंदरकांड की झलक-** मंदिर समिति के महाप्रबंधक एन.एस. राजपूत ने बताया- यहां सभी तरह के मौसम के मुताबिक व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी ताकि सर्दी, गर्मी और बारिश में भक्तों को परेशानी न हो। बैठने के लिए नई बेंच लगेंगी। बाउंड्रीवाल भी बनाई जाएगी। 25 फीट का पाथ-वे बनेगा, इसकी दीवारों पर पत्थरों से भगवान हनुमान से जुड़े दृश्य उकेरे जाएंगे। रामायण और सुंदरकांड को तस्वीरों में दशार्या जाएगा।

**छत पर कशीदाकारी, बाउंड्रीवॉल पर रंगबिरंगी रोशनी-** रणजीत लोक की छत पर भी कशीदाकारी की जाएगी। बाउंड्रीवॉल पर रंगबिरंगी लाइटिंग लगेगी। यहां भी सुंदरकांड का चित्रण होगा। मंदिर का एक्सटेंशन 40 फीट आगे तक होगा। नया मुख्य द्वार बनेगा। शेड तैयार किए जाएंगे। मंदिर परिसर में ही पुलिस चौकी बनाई जाएगी। नया जूता स्टैंड, पेय जल की व्यवस्था की जाएगी।

### स्मार्ट सिटी संभाल रहा निर्माण की जिम्मेदारी, सालभर लगेगा

- एन.एस राजपूत ने बताया- रणजीत लोक निर्माण की जिम्मेदारी नोडल एजेंसी इंदौर स्मार्ट सिटी को दी गई है। रणजीत लोक में कपाउंड वॉल के यहां 50 मीटर के कॉरिडोर की छत डलने वाली है। हफ्तेभर में ये काम पूरा हो जाएगा। बाकी छोटी पार्किंग में जो काम होना है वह इसके बाद ही किया जाएगा। जो मेन गेट का हिस्सा है वहां पर कॉलम फुटिंग का काम हो गया है।
- डेढ़ महीने में छत की तैयारी हो जाएगी। काम काफी तेजी से चल रहा है। चूंकि मंदिर का काम है, पब्लिक रहती है, भक्त लोग रहते हैं तो हमें रात में काम ज्यादा करना पड़ रहा है और दिन में काम नहीं कर पाते तो रात की रात में चल रहा है। तो काफी तेजी से चल रहा है काम। काम पूरा करने के लिए दो साल दिए थे। लगभग अभी 8-9 महीने हो गए हैं और हमें विश्वास है कि एक साल और लगेगा काम पूरा होने के लिए।

### दर्शन व्यवस्थाओं में किया बदलाव, थ्री स्टेप लेयर बनाई

- मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ही मंदिर के अंदर नया रणजीत लोक का निर्माण काम स्मार्ट सिटी के माध्यम से किया जा रहा है, ये काम लगातार जारी है। इसके अंदर भक्तों की सुविधा के लिए कम समय में अधिकतम भक्त दर्शन कर सके, उस हेतु एक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए छोटी पार्किंग में कॉलम खड़े हो चुके हैं और बीम और छत की तैयारी यहां पर चल रही है।

### आज से कई छोटे रेस्टोरेंट-होटल्स हो सकते हैं प्रभावित

# छुट्टी के दिन भी 24 हजार घरेलू सिलेंडर डिलीवर, कमर्शियल पर संकट बरकरार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

अमेरिका-ईरान जंग के कारण रसोई गैस संकट झेल रहे लोगों को राहत देने के लिए प्रशासन ने रविवार को अवकाश के दिन भी गैस एजेंसियां खुली रखीं। छुट्टी के दिन 24450 घरेलू गैस सिलेंडर घर-घर डिलीवर किए गए। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट बरकरार है। इसका असर सोमवार से बाजार में व्यापक पैमाने पर दिखने लगेगा। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया व इंदौर होटलियर्स एसोसिएशन के सुमित सूरी के अनुसार अगर सोमवार को कमर्शियल सप्लाय पर निर्णय नहीं हुआ तो कई छोटे रेस्टोरेंट व होटल्स के किचन ठप पड़ सकते हैं। सिलेंडर की किल्लत का असर शादी के आयोजन पर भी साफ नजर आ रहा है।




कलेक्टर शिवम वर्मा व जिला खाद्य व आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू के अनुसार वर्तमान में घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है। पैनिक बुकिंग के कारण बढ़ी वेटिंग पर नियंत्रण का प्रयास कर रहे हैं। रविवार को तीनों आयल कंपनियों के अफसर और एजेंसियों के सहयोग से उपभोक्ताओं को घरेलू सिलेंडर उपलब्ध करवाए। कमर्शियल सप्लाय को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। अभी सप्लाय नहीं मिल रही है। पीएनजी व अन्य विकल्पों पर जोर दिया जा रहा है।

**उपभोक्ता 25 दिन बाद ही बुकिंग करें-** शहर में वेटिंग और बैक-लाग में कमी आई है। अब सप्लाय समय 5 से 6 दिन से घटकर तीन से चार दिन पर आ गया है। नियंत्रक मारू ने बताया उपभोक्ताओं से कहा जा रहा है कि वे 25 दिन बाद ही दोबारा बुकिंग करें, क्योंकि इससे पहले बुकिंग स्वीकार्य नहीं की जाएगी। जिले में सभी 106 एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक है। अभी 20% स्टॉक बढ़कर आ रहा है।

**वैकल्पिक साधन के बावजूद परेशानी शुरू हो गई-** होटल, रेस्टोरेंट और खान-पान की दुकानों की स्थिति अब बिगड़ने लगी है। रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि 30 फीसदी संचालक पीएनजी का उपयोग कर रहे हैं। शेष कमर्शियल पर ही निर्भर हैं। अब तक स्टॉक से काम चला लिया, अब सिलेंडर खाली हैं। वैकल्पिक साधन हैं, लेकिन इनका उपयोग करना सभी के लिए संभव नहीं है। इंडक्शन जैसे विकल्प से छोटे काम हो सकते हैं। डेयरी, बड़े किचन और अन्य निमार्ताओं को परेशानी शुरू हो गई है।

## घर से भागकर प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचा बालक मिला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

खजराना क्षेत्र से प्रेमानंद महाराज से मिलने घर से निकले 15 वर्षीय नाबालिग को पुलिस ने लोकेशन जांच के बाद उत्तराखंड से बरामद कर परिजन को सौंप दिया है। टीआई मनोज सेंधव के अनुसार, चार दिन पहले पिता ने सूचना दी थी कि उनका बेटा कहीं चला गया है। आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। परिवार को उसका लिखा लेटर मिला था कि वह वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज के वचनों से प्रभावित होकर अपने असली परिवार के पास जा रहा है। पिता ने बताया, लापता बेटे को वे पहले कभी अपने साथ मथुरा ले गए थे। वह धार्मिक प्रवृत्ति का है, रोज दो घंटे पूजा-पाठ करता है।

**बच्चे का फोन आया तो लोकेशन मिली-** पिता ने पुलिस को बताया कि बच्चे का फोन आया है। उसने आधार कार्ड मांगा है। पुलिस ने तुरंत लोकेशन निकाली तो पता चला कि वह उत्तराखंड के गुप्त काशी में काली मठ मंदिर क्षेत्र में घूम रहा है। टीम ने वहां की पुलिस से संपर्क किया तो बच्चा मिल गया। लोगों ने बताया, बच्चे ने कहा कि उसे मंदिर का अनुयायी बनना है तो पुजारियों ने कहा, वे किसी को भी अनुयायी नहीं बना सकते। उसे पहचान पत्र देना होगा। इसके बाद बच्चे ने अपने पिता से फोन लगाकर आधार कार्ड मांगा था।

**अनुयायी बनने के लिए पिता से आधार कार्ड मांगा-** टीआई ने बताया, टीम ने सोशल मीडिया और वायरलेस सेट से उसकी जानकारी का व्यापक प्रचार किया। सैकड़ों फुटेज खंगाले, विभिन्न राज्यों के थानों को सूचना भेजी। जांच के दौरान सूचना मिली कि बालक वृंदावन में देखा गया है। इसके बाद एक टीम वहां रवाना की। वृंदावन पहुंचने पर पता चला कि बालक वहां आया था, लेकिन प्रेमानंद महाराज से मिल नहीं पाया, इसलिए गुप्त काशी निकल गया।

# इंदौर में सनातन प्रीमियर लीग का समापनः राजस्थान रणबांकुरे बने एसपीएल चैंपियन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के नेहरू स्टेडियम में चल रही सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) सीजन-1 में रविवार को टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में राजस्थान रणबांकुरे की टीम ने मध्यप्रदेश को हराकर एसपीएल का खिताब जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमपी के सामने राजस्थान की टीम ने 74 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में एमपी की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

इससे पहले समापन पर संतों और क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच फ्रेंडली




मैच भी खेला गया। 5-5 ओवरों के मैच में महाराज 11 ने लिजेंड्स 11 को हरा दिया। टॉस लिजेंड्स 11 ने जीता और बैटिंग करने का फैसला किया। पहले खेलते हुए लीजेंड्स इलेवन की टीम ने महाराज इलेवन को 90 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी महाराज-11 की टीम ने आखिरी ओवर में यह मैच जीत लिया। देवकीनंदन ठाकुर ने मैच में अर्धशतक जमाया।

मैच से पहले देवकीनंदन महाराज ने कहा कि मैं यहां तीन दिन से मैच देख रहा हूं। ये जो अभी आए हैं ना खिलाड़ी इनको तो पता ही नहीं है यहां क्या हो रहा है। तो हम प्रयास करेंगे इनको कम से कम रन पर रोकें। जीरत किसी की भी हो मैं तो हमेशा कह रहा हूं सनातन की जीत है और आज हम लोगों के लिए अच्छी बात है, जो बच्चे गांव, गली, कस्बे में रहते हैं उनको ऐसे क्रिकेटर जो चैंपियन हैं।

**आठ टीमों के बीच खेले गए टी-10 मुकाबले-** तीन से चार दिन तक चले इस टूनामेंट में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी मुकाबले टी-10 टेनिस क्रिकेट फॉर्मेट में खेले गए। लीग का आयोजन देवकीनंदन ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया है।

## खबर एक नजर...

### पब-ढाबों से देर रात लौट रहे 225 शराबी चालक पकड़ाए, दो तस्कर भी गिरफ्तार

**इंदौर।** वीकेंड पर शनिवार रात सरप्राइज चेकिंग की गई। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर लोगों को रोका, गाड़ियों और चालकों की चेकिंग की गई। इस दौरान 225 लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते मिले। सभी पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा अवैध रूप से शराब बेचने वाले 6 लोगों पर भी कार्रवाई हुई। ड्रिंक एंड ड्राइव में सभी लोगों के 10-10 हजार रुपए के कोर्ट चालान बनाकर गाड़ियां जब्त कर ली गईं। अब ये लोग कोर्ट जाकर चालान की राशि भरेंगें तभी गाड़ियां मिलेंगी। शहर के चारों जोन के डीसीपी की टीमों ने सभी थाना क्षेत्रों में सरप्राइज चेकिंग व पेट्रोलिंग की। इस दौरान गुंडे-बदमाशों व असामाजिक तत्वों की धरपकड़ की गई। पुलिस ने 61 से ज्यादा गैर जमानती वारंटों को तामिल किया। इसमें लंबे समय से फरार 16-स्थायी, 45-गिरफ्तारी वारंट तामिल किए। चेकिंग में ड्रिंक एंड ड्राइव के केस बनाए गए। देर रात बायपास और लसूड़िया व विजय नगर इलाकों में स्थित पब-बार और ढाबों से शराब पीकर निकले वाहन चालक भी मिले। ऐसे 225 चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की।

### त्योहारों को लेकर पुलिस कमिश्नर ने किया थानों का निरीक्षण

**इंदौर।** आगामी ईद और अन्य त्योहारों को लेकर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने शहर के थानों का निरीक्षण किया। सिंह पहले सदर बाजार थाना पहुंचे। यहां उन्होंने ईद को लेकर सुरक्षा बंदोबस्त के बारे में बीट स्तर के जवानों से वन टू वन चर्चा की। इस दौरान एडिशनल कानून व्यवस्था कमिश्नर अमित सिंह, एसीपी मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान और सदर बाजार थाना प्रभारी यशवंत बडोले मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान सिंह ने कम्युनिटी पुलिसिंग द्वारा लगाए गए 30 कैमरे के कंट्रोल रूम का शुभारंभ भी किया।

### अब शाम को भी अस्पताल पहुंचेंगे कंसल्टेंट डॉक्टर

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में शाम के समय सीनियर डॉक्टरों की गैरहाजिरी की शिकायतों के बाद अब कंसल्टेंट इवनिंग राउंड सिस्टम लागू किया गया है। कॉलेज प्रबंधन ने स्वीकार किया है कि कई विभागों में शाम के समय वरिष्ठ डॉक्टर नियमित रूप से वार्ड राउंड पर नहीं पहुंच रहे थे। इसे देखते हुए अब रोज शाम 5 से 9 बजे के बीच कंसल्टेंट का राउंड अनिवार्य कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत विभागों के सीनियर डॉक्टरों के राउंड का समय और उपस्थिति रोजाना ड्यूटी पर मौजूद कैजुअल्टी ऑफिसर दर्ज करेंगे। यदि तय समय पर कंसल्टेंट राउंड पर नहीं पहुंचते हैं तो सीएमओ उन्हें सूचना देकर बुलाएंगे। रजिस्टर में वास्तविक स्थिति भी रिमार्क में दर्ज की जाएगी। बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी।

### शादी समारोह से नाबालिग ले गया 4.80 लाख रुपए से भरा बैग

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में एक शादी समारोह से नाबालिग ने लाखों रुपए से भरा बैग चोरी कर लिया। घटना के दो दिन बाद पुलिस को फुटेज मिले हैं, जिनमें बालक बैग लेकर जाता दिखाई दे रहा है। हरीश कुमार झा (67) निवासी विजय नगर की शिकायत पर 4.80 लाख रुपए की चोरी का मामला दर्ज किया गया है। हरीश झा ने पुलिस को बताया कि 12 मार्च को मिलन सुंदरम गार्डन में उनके बेटे इंद्रजीत की शादी का रिसेप्शन था। समारोह के दौरान एक ग्रे-ब्लैक रंग के बैग में पर्स, एटीएम कार्ड और करीब 4 लाख 80 हजार रुपए नकद रखे हुए थे, जिसे कोई चुराकर ले गया। पुलिस ने इस मामले में राजगढ़-ब्यावरा की सांसी गैंग पर संदेह जताया है, जो पहले भी इस तरह की वारदातें कर चुकी है।

## खबर एक नजर...

### विक्रम उत्सव 2026: मुख्य कार्यक्रम की तैयारी शुरू, शिप्रा तट पर हुआ पूजन

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित विक्रम उत्सव 2026 का मुख्य कार्यक्रम 19 मार्च को शाम 7 बजे शिप्रा तट पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्य कार्यक्रम के सफल और निर्विघ्न आयोजन की कामना को लेकर रविवार सुबह शिप्रा तट पर मां शिप्रा और भूमि का विधिवत पूजन किया गया। पूजन महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी एवं समाजसेवी नरेश शर्मा द्वारा संपन्न किया गया। पूजन पंडित गौरव जी उपाध्याय ने करवाया। शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी के अनुसार 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम ॄसृष्टि आरंभ दिवस झ्र उज्जयिनी गौरव दिवसॅ के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण भी प्रदान किए जाएंगे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय सम्मान (एक करोड़ एक लाख रुपये), राष्ट्रीय सम्मान (इक्कीस लाख रुपये) तथा तीन राज्य स्तरीय सम्मान (पांच-पांच लाख रुपये) शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रकाशन लोकार्पण भी होगा, जिसमें कालगणना केंद्रित विक्रम पंचांग 2083, भारत निधि (मोनोग्राफ), आर्य भारत, 84 महादेव तथा विक्रमांक (पत्रिका) का विमोचन किया जाएगा। इसी के साथ मुख्य आयोजन के लिए शिप्रा तट पर वृहद मंच का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कलाकार और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

### कांशीराम जी की जन्म तिथि पर नमन किया गया

**उज्जैन।** कांशीराम जी की जन्मतिथि के अवसर पर उज्जैन में उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उक्त जानकारी देते हुए अजाक्स जिला उज्जैन के अध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाजजनों ने एकत्रित होकर कांशीराम जी को नमन किया और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### स्वर्णकार समाज ने निकाला भव्य फूलपाती चल समारोह, दूल्हा-दुल्हन बने युवा

# श्री मेढ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार महिला संगठन का आयोजन; शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाए जाने वाले सुहाग और आस्था के पर्व गणगौर के अवसर पर रविवार शाम शहर में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री मेढ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार महिला संगठन, उज्जैन द्वारा समाज अध्यक्ष अरविंद वर्मा के मार्गदर्शन एवं महिला अध्यक्ष मनोरमा मौसूण के नेतृत्व में गणगौर का भव्य फूलपाती चल समारोह निकाला गया।



### शिव-पार्वती के स्वरूप में सजी युवतियां

यह धार्मिक पर्व वैवाहिक सुख और दाम्पत्य जीवन की समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। 'गण' यानी भगवान शिव और 'गौरी' यानी माता पार्वती के इस विवाह प्रसंग से जुड़े पर्व में परंपरानुसार युवतियों को दूल्हा-दुल्हन (बाना) के रूप में सजाया गया। मान्यता है कि इस दिन अविवाहित लड़कियां अच्छे वर और विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। समारोह में शामिल महिलाएं और युवतियां शिव रूपी धनिया राजा और पार्वती रूपी रनुबाई (गणगौर माता) की प्रतिमा व फूलपाती को सिर पर रखकर भक्तिमय गीत गाते और नृत्य करते हुए चल रही थीं। फूलपाती चल समारोह का शुभारंभ पानदरीबा राठौर धर्मशाला के सामने स्थित समाज के लक्ष्मी नारायण मंदिर से हुआ। बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच दूल्हा-दुल्हन की वेशभूषा में सजी युवतियों के साथ यह धार्मिक यात्रा गुदरी, पटनी बाजार और लखेरवाड़ी होते हुए छोटा सराफा स्थित नृसिंह मंदिर पहुंची। शहर के विभिन्न मार्गों पर समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षा कर इस चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। नृसिंह मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से गणगौर माता का पूजन किया गया और झाले दिए गए।

इस गरिमामय आयोजन में संरक्षक सुमित्रा जवड़ा, तारा सोलिवाल और डॉ. भारती तुनगर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके अलावा महिला अध्यक्ष मनोरमा मौसूण, उपाध्यक्ष शोभा भवन, कोषाध्यक्ष चंदा साडलीवाल, सचिव रेखा डावर, सह सचिव छाया रुगरेचा के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य शैलजा कड़ेल, कीर्ति जालू, शकुंतला सुंडिया, उषा कुलथिया, सरोज सोलिवाल, कंचन रोड़ा, मंजू भामा, संगीता मौसूण, रुपाली कुकरा, सिम्पल रोड़ा, नेहा भवन, भावना रोड़ा, प्रियंका मौसूण, पूजा अग्रोया, मोनिका जवड़ा, शारदा देवाल, रत्ना अग्रोया और प्रेरणा सुंडिया सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुईं।

## चेन्नई में गूंजा उज्जैन का नाम: राष्ट्रीय युवा उत्सव में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

### 142 विश्वविद्यालयों के बीच छात्रों ने दिखाई प्रतिभा; रंगोली में मयंक और मिमिक्री में मंदाकिनी को मिला देशभर में दूसरा स्थान, कोलाज में रवीना रहीं पांचवें नंबर पर।

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम देशभर में गौरवान्वित किया है।

चेन्नई के सत्यभामा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज एआईयू के सहयोग से आयोजित इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव कलई सारल अर्थात कला की शीतल वर्षा में देश के 142 विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न श्रेणियों में हुए कड़े मुकाबले में विश्वविद्यालय के छात्र मयंक परमार ने रंगोली और छात्रा मंदाकिनी शर्मा ने मिमिक्री में देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। वहीं, रवीना राठौर ने कोलाज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल कर अपने हुनर का लोहा मनवाया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दल प्रबंधक द्वारिका प्रसाद जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को सतत सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन उनकी कलात्मक क्षमता और समर्पण का प्रमाण है।

## चौड़ीकरण की रफ्तार पर प्रशासन सख्त..संभाग आयुक्त ने साइट पर पहुंचकर परखी गुणवत्ता

### खजूर वाली मस्जिदझ्रकेडी गेटझ्रजुना सोमवारिया से कोयला फाटकझ्रतेलीवाड़ा तक निरीक्षण, रात में भी सड़क निर्माण और नालों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में चल रहे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों को लेकर प्रशासन ने अब गति और गुणवत्ता दोनों पर सख्ती बढ़ा दी है। रविवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ विभिन्न प्रगतिरत मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति और तकनीकी गुणवत्ता की समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में, तकनीकी मानकों के अनुरूप और बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या धीमी गति स्वीकार नहीं की जाएगी। संभाग आयुक्त और निगम आयुक्त ने खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट होते हुए जुना सोमवारिया तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए गए कि नाली निर्माण कार्य की गति बढ़ाई जाए और इसमें प्री स्टेट क्वालिटी तकनीक का उपयोग कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि बरसात में जल निकासी की समस्या न हो। वीडी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए संभाग आयुक्त ने कहा कि डीएलसी सड़क के ऊपर डाली जा रही टाटा कंपनी की सीवरेज लाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि सड़क निर्माण में देरी न हो।

# शिक्षक शिक्षा के रूपांतरण पर हुआ मंथन; उत्कृष्ट शोधकर्ताओं को मिला 'बेस्ट पेपर अवार्ड'

### विकसित भारत @ 2047: निर्मला महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य समापन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्थानीय निर्मला महाविद्यालय में 'विकसित भारत @ 2047 के संदर्भ में शिक्षक शिक्षा का दृष्टिकोण एवं रूपांतरण' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का 14 मार्च को सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस आयोजन में देशभर से आए शिक्षाविदों ने शिक्षक शिक्षा के भविष्य और चुनौतियों पर गहन मंथन किया।



**उद्घाटन सत्र में दिग्गजों का जमावड़ा**

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता निर्मला महाविद्यालय के निदेशक फादर डॉ. एंटोनी जोसेफ निरपपेल ने की। नई दिल्ली से पधारे प्रो. चांद किरण सलूजा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। वहीं, महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. शिव शंकर मिश्र ने सारस्वत अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (नई दिल्ली) के राष्ट्रीय सह-संयोजक श्री ओम प्रकाश शर्मा, 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय सह-संयोजक डॉ. राकेश ढांड और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजीव पंड्या मंचासीन रहे। साथ ही, निर्मला महाविद्यालय समूह के मैनेजर फादर जोस कडप्पारेल, अकादमिक निदेशक व प्राचार्य डॉ. कीर्ति डिड्डी तथा निर्मला शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन की प्राचार्य डॉ. पंकजा सोनवलकर की विशेष उपस्थिति रही।

**जिज्ञासा आधारित शिक्षा पर जोर-** कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों की जिज्ञासा को पहचानें और उसके आधार पर उन्हें सोचने, समझने तथा किसी भी गतिविधि को रचनात्मक ढंग से करने के लिए प्रेरित करें।

**शोधार्थियों का हुआ सम्मान-** इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान कई तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इनमें से उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को सराहते हुए प्रतिभागियों को 'बेस्ट पेपर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

## खबर एक नजर...

### 'सिद्धार्थ' में व्यंग्यकार लायन अरविंद जैन बीमा लायंस मीडिया अवार्ड से सम्मानित

**उज्जैन**` लायंस इंटरनेशनल के रीजन चेयर लायन प्रदीप यादव के नेतृत्व में रीजन कॉन्फ्रेंस 'सिद्धार्थ' का भव्य आयोजन स्थानीय निजी होटल के सभागृह में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में लायन सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स के लायन अरविंद जैन ₹बीमा₹ को उनके रचनाकार, व्यंग्यकार होने और लेखन कार्य में विशिष्ट योगदान देने के लिए 'लायंस मीडिया अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन द्वारका जालन (पुणे) थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन मनीष शाह (पिपरिया) और प्रथम वाइस गवर्नर महेश मालवीय (भोपाल) मौजूद रहे। इस कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन डॉक्टर सतविंदर कौर सलूजा, सचिव देवाशीष राय एवं उज्जैन फ्रेंड्स के अध्यक्ष विनोद लुल्ला थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि अशोक भाटी ने किया। लायन अरविंद जैन के सम्मानित होने पर डॉ. अजय गुप्ता, आर. जी. पाठक, बलबीर साहनी, विजय टेलर, संजय सक्सेना, अभय जैन, प्रवीण कस्बे, राजकुमार सोनी, भरत जैन, संजय जैन, दिलीप गुप्ता आदि विशिष्ट जनों ने उन्हें बधाई प्रदान की। जल्द होगा राष्ट्रीय महिला व ज्योतिष सम्मेलनः सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति में नई नियुक्तियां, चलेगा सदस्यता अभियान

### इंडियन कॉफी हाउस में हुई बैठक में बनी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा

**उज्जैन।** सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति के संगठन विस्तार और आगामी आयोजनों की रूपरेखा तय करने को लेकर रविवार (15 मार्च) को इंडियन कॉफी हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से संगठन में नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई और जल्द ही होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों पर मंथन किया गया।

संगठन के अध्यक्ष पं. मनोज रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा अतिशीघ्र एक वृहद 'राष्ट्रीय महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह' के साथ-साथ 'ज्योतिष सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक में इन दोनों प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर सार्थक चर्चा की गई। पं. रावत ने बताया कि संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने के लिए जल्द ही एक व्यापक सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत मध्य प्रदेश सहित देशभर के सभी जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी ताकि संगठन का विस्तार जमीनी स्तर पर हो सके। मीडिया प्रभारी विशाल दुबे ने बताया कि बैठक में संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए चार नए पदाधिकारियों को मनोनीत कर उन्हें अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें महेंद्र व्यास, राहुल शुक्ला, रतनदीप मिश्रा, छोटू कुशवाह शामिल हैं।

# परिवार और संघ सबसे बड़ा सामर्थ्य, स्मार्टफोन की तरह रिश्तों को भी सहेजें: युवाचार्य महेन्द्र

**महावीर भवन नमक मंडी में 'संघ और परिवार में अपनी भूमिका' विषय पर हुआ प्रवचन; आचार्य उमेश मुनि के स्मृति दिवस पर किया स्मरण, मोह त्याग कर आत्मा के करीब आने का दिया संदेश।**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भारतीय संस्कृति में परिवार और संघ सबसे बड़ा सामर्थ्य है। जब हम परिवार और संघ में कार्य करते हैं, तो वहां 'मैं' का भाव न रखकर, इसे अपना कार्य और जिम्मेदारी समझकर करें, जिससे अपनत्व की भावना का विकास हो। यह विचार श्रमणसंघीय युवाचार्य प. पूज्य महेन्द्र ऋषि जी म.सा. ने महावीर भवन, नमक मंडी में 'संघ और परिवार में अपनी भूमिका' विषय पर प्रवचन देते हुए व्यक्त किए। युवाचार्य ने कहा कि परिवार एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे समझना जरूरी है। हमें बचपन से माता-पिता सहज रूप से मिल जाते हैं, इसलिए हमें उनका महत्व मालूम नहीं पड़ता। इसी तरह जिनवाणी भी बेशकीमती है जो सहज मिल जाती है, लेकिन हम उसकी कीमत नहीं समझते। हम अपने स्मार्टफोन को सहेज कर रखते हैं क्योंकि वह कीमती है, लेकिन क्या हम उतना ही महत्व अपने परिवार को देते हैं? परिवार में अपनी भूमिका का अर्थ है पूर्ण समर्पण भाव रखना और बिना किसी अपेक्षा के सबका ख्याल रखना। सेवा में हमेशा कृतज्ञता का भाव रखें, किसी का दिल दुखाया हो तो माफी मांगें और अपनी वाणी में हमेशा मधुरता रखें।

उन्होंने बताया कि संघ में हमारी भूमिका हमेशा सकारात्मक होनी चाहिए। संघ में हमेशा अपनेपन का भाव रखकर कार्य करें। केवल सकारात्मक चर्चा ही करें और नकारात्मकता से बचें। संघ और परिवार में चाहे जहां भी कार्य करें, आत्मीयता के साथ करें। जब कोई भी कार्य उत्साह से किया जाता है, तो वह हमेशा उत्कृष्ट होता है।

### आचार्य उमेश मुनि के संयमी जीवन को वंदना

जैन शासन गौरव आचार्य उमेश मुनि जी म.सा. के स्मृति दिवस पर उन्हें स्मरण करते हुए युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी ने कहा कि उन्होंने आत्म-संयम से संघ को सींचा और सरल शब्दों में हमारी परंपराओं को परिभाषित किया। इस दौरान उन्होंने आचार्य उमेश मुनि जी के संयमी जीवन के प्रति भावपूर्ण वंदना प्रकट की।

**अग्रसेन जयंती महोत्सव में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

# माधव सेवा न्यास में 11 वर्ष सेवाएं देने वाले निरीक्षक हरीश शर्मा सेवानिवृत्त, द्रोणाचार्य अवार्डी मालवीय का हुआ बहुमान

**मलखंभ फेडरेशन की एडहॉक कमेटी में योगेश मालवीय के चयन पर न्यास में उत्साह; ध्यान केंद्र में अध्यक्ष बलराज भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ गरिमामय समारोह।**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



माधव सेवा न्यास में शनिवार का दिन भावुकता और उत्साह का मिला-जुला दिन रहा। न्यास के ध्यान केंद्र में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में जहां महाकालेश्वर भक्त निवास में 11 वर्षों से सेवाएं दे रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता को भावभीनी विदाई दी गई, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार द्वारा अहम जिम्मेदारी मिलने पर न्यास के मलखंभ प्रशिक्षक का सम्मान किया गया। न्यास के सचिव नितिन गरुड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि महाकालेश्वर भक्त निवास की स्थापना के समय से ही हरीश शर्मा विभिन्न दायित्वों पर अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे थे। विगत 11 वर्षों में भक्त निवास की प्रगति में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। वे अपने कार्यकाल के 11वें वर्ष में निरीक्षक के दायित्व से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर आयोजित बिदाई समारोह में न्यासीगणों ने श्री शर्मा का आत्मीय सम्मान किया। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने भी न्यास से जुड़े अपने 11 सालों के संस्मरण और अनुभव सभी के साथ साझा किए।

समारोह के दूसरे चरण में न्यास के मलखंभ योग प्रशिक्षक योगेश मालवीय के सम्मान से उत्साह का वातावरण छा गया। हाल ही में भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा उन्हें मलखंभ फेडरेशन की दो सदस्यीय एडहॉक कमेटी में शामिल किया गया है।

### प्रस्तावित नए कक्ष के निर्माण के लिए जगह देखी

**उज्जैन।** संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल (महाराजवाड़ा), महाकाल मंदिर के समीप प्राचीन द्वार और रुद्रसागर में स्थित सिंहासन बत्तीसी का निरीक्षण किया।संभागायुक्त श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज होटल का निरीक्षण किया। यहां पर पर्यटन विकास निगम के माध्यम से 11 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने होटल के पीछे की ओर उपलब्ध स्थान को यथावत रखने और होटल के दाहिनी ओर उपलब्ध खाली जगह पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने के निर्देश दिए है।

# नगर निगम का होली मिलन समारोह आयोजित सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह मंगलनाथ रोड स्थित श्री गौड ब्राह्मण समाज के नीलकंठ महादेव प्रांगण में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया तत्पश्चात कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला एवं गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कहा कि नगर निगम के परिवार में सभी मिलजुल कर कार्य करते हैं जो समस्याएं कर्मचारी संघ द्वारा बताई जाती है उसका तत्काल निराकरण किया जाता है क्योंकि नगर निगम के कर्मचारियों की मांगो को ध्यान में रखेंगे तो कार्य को लेकर सकारात्मकता आएगी। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कहा कि निगम में कार्य करते हुए परिवार से ज्यादा जुड़ाव नगर निगम के स्टाफ से हो जाता है क्योंकि दिन रात आप सभी के बीच रहते हुए कार्य संपन्न किए जाते हैं आप सभी के सहयोग से निगम की सारी व्यवस्थाएं समुचित ढंग से होती है साथ ही टीम भावना के रूप में कार्य करते हुए एक जुट होकर कार्य करें

### जिले में डिजिटल मार्केटिंग के साथ होगा आर्टिफिसियल इन्टेलीजेन्स चैट जीपीटी

भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय के तत्वावधान में उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) द्वारा आयोजित एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय माधव साइंस पीजी कॉलेज,विवेकानंद कैरियर एवं एनएसएस के सक्रिय सहयोग से डिजिटल मार्केटिंग विथ आर्टिफिसियल इन्टेलीजेन्स चैट जीपीटी पर आधारित सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के उद्यमी एवं प्रबंधक /कर्मचारियों के लिए प्रबन्ध विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार,16 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।

# चैत्र नवरात्रि पर बनेंगे 1000 नए गायत्री साधकः शक्तिपीठ पर 25 गर्भवतियों का हुआ पुंसवन संस्कार

**मातृशक्ति जन्म शताब्दी साधना के तहत जिला समन्वय समिति की बैठक में बनी रूपरेखा; परिजनों ने गुरुदेव से जुड़कर जीवन में आए बदलावों को किया साझा।**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व और मातृशक्ति जन्म शताब्दी साधना संकल्प को लेकर गायत्री शक्तिपीठ पर जिला समन्वय समिति के सदस्यों और तहसील समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से जिले भर में 1000 नए गायत्री साधकों को तैयार करने का विशेष संकल्प लिया गया।

बैठक के दौरान जिले भर से पधारे गायत्री परिजनों ने अपने प्रेरक अनुभव साझा किए। उन्होंने गायत्री साधना और परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य से जुड़ने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों व आध्यात्मिक अनुभवों को सभी के सामने रखा।

आयोजन के दौरान 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' कार्यक्रम के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ पर 25 गर्भवती महिलाओं का वैदिक विधि-विधान से पुंसवन संस्कार भी संपन्न कराया गया। यह पुंसवन संस्कार उर्मिला तोमर के प्रतिनिधित्व में सहयोगी बहनों द्वारा संपन्न करवाया गया। इस विशेष गोष्ठी में मुख्य रूप से जिला समन्वयक रामप्रसाद सरिया, विजय सिंह भदोरिया, श्यामलाल जोशी, ज्योति शर्मा, रजनी मीणा, ममता निगम, उर्मिला तोमर, दौलतराम गामी, जगदीश नांदेड़ा, उमाशंकर मेहता, शिवकांत पांडेय, मनोहर सेठ, नोहन लाल सोनी, कैलाश त्रिवेदी, सतीश शर्मा, उत्तम सिंह राजपूत, बालू सिंह आंजना, बंसीलाल शर्मा, दिनेश चंद्र पोरवाल, सुभाष दुबे और शशिकांत शास्त्री आदि परिजन उपस्थित रहे।

गोष्ठी के समापन पर सभी परिजनों द्वारा शांतिकुंज के जीवनदानी कार्यकर्ता अंबाराम गोठी की धर्मपत्नी के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## खबर एक नजर...

### संगठन विस्तार, समाज की जनगणना और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर हुआ विचार-विमर्श

**उज्जैन।** नरसिंह घाट स्थित चंद्रवंशीय बागरी समाज धर्मशाला में अखिल भारतीय चंद्रवंशीय बागरी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। बैठक प्रारंभ होने से पहले प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सिसोदिया के नेतृत्व में राधा-कृष्ण मंदिर में माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात औपचारिक रूप से बैठक की शुरूआत हुई।बागरी युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र बागरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज को संगठित और मजबूत बनाने के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने, राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक सशक्त सामाजिक संगठन बनाए जाने, तथा जिलेवार बागरी समाज की जनगणना कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज को मजबूत करने के लिए गांव-गांव तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही आगामी समय में धार्मिक नगरी उज्जैन में बागरी समाज की भव्य रैली निकालने का भी प्रस्ताव रखा गया, जिससे समाज में एकता और संगठन को नई मजबूती मिल सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य बागरी समाज को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर सशक्त बनाना तथा समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़कर उनके हितों की प्रभावी रूप से आवाज उठाना रहा।

### हजारों नौनिहालों ने प्रविष्टियां भरी 172 रिश्ते जुड़े

**उज्जैन।** महाकाल परिसर में 15 मार्च 2026 की सुबह 11 बजे से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में 32 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन राष्ट्रीय संत श्री महेश भाई जी के आतिथ्य तथा राष्ट्रीय महामंत्री श्री अनिलसिंह चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य-ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट ने किया, स्वागत उद्बोधन जिलाध्यक्ष-जितेन्द्रसिंह राजावत ने दिया,अतिथि परिचय शहर अध्यक्ष-अभिषेकसिंह बेस ने दिया, अतिथिगणों का साफा बांधकर शाल,श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र भेटकर सर्वश्री मलखानसिंह दीक्षित,अनिलसिंह राजपूत,शैलेंन्द्रसिंह ठाकुर,गजराजसिंह तोमर आदि ने अभिनन्दन किया,युवक युवती ने अपना परिचय देते हुए कहा कि वह उनके विवाह के लिए जीवनसाथी से शादी के समय ना दहेज देंगे ना ही दहेज लेंगे,कई प्रविष्टियां विदेश से आई, कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवावीग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आनंन्दसिंह खींची ने आभार माना ।इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवावीग के प्रदेश सचिव-दर्शन ठाकुर,युवावीग के शहर अध्यक्ष-लोकेंन्द्रसिंह गौड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

#### जय श्री महाकाल के जयघोष और भगवा ध्वजों से पूरा शहर गूंज उठा

# रुद्रवीर सेना की भव्य भगवा यात्रा संपन्न: टावर चौक पर समापन, जिला अध्यक्ष कृष्णा किर को कर्मवीर सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सनातन धर्म और सांस्कृतिक एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। राष्ट्रीय श्री रुद्रवीर सेना के तत्वावधान में द्वितीय वर्ष की भगवा यात्रा दोपहर 1 बजे टावर चौक पर सफलतापूर्वक समाप्त हुई। यात्रा के दौरान जय श्री महाकाल के जयघोष और भगवा ध्वजों से पूरा शहर गूंज उठा। समापन पर उज्जैन जिला अध्यक्ष कृष्णा सिंह चौहान, (बजरंगी) को विशेष ह्यकर्मवीर सम्मानह्न से नवाजा गया।



सुबह 11 बजे नागझरी से शुरू हुई यह शौर्य यात्रा पुलिस लाइन, भरतपुरी चौराहा, ऋषि नगर, तीन बत्ती चौराहा, इंदिरा गांधी चौराहा होते हुए टावर चौक पर पहुंची। हजारों धर्मप्रेमी श्रद्धालु, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता भगवा ध्वज लहराते हुए, भक्ति संगीत और जयकारों के साथ शामिल हुए।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि संस्थापक अजय गालर और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैभव त्रिवेदी ने पदाधिकारियों का सम्मान किया। जिला अध्यक्ष कृष्णा किर को उनके अथक परिश्रम और संगठन के प्रति समर्पण के लिए ह्यकर्मवीर सम्मानह्न प्रदान किया गया। अन्य कार्यकताओं झ कुंदन दायमा, सुमित बजरंगी, योगेश दायमा, प्रकाश किर, राजा परमार, अर्पित यादव, प्रथम बघेल, पदम चौहान, गोलू ठाकुर, मनीष अग्रवाल, विजय माली, कृष्ण अग्रवाल, महेश अग्रवाल और विशाल दायमा झ का भी उत्साहवर्धन किया गया।

आयोजकों ने बताया कि यह यात्रा न केवल सनातन संस्कृति की रक्षा का संदेश देती है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम भी बनी। शहरवासियों ने यात्रा को भारी समर्थन दिया और इसे ऐतिहासिक बताया।

### सर्व सेन समाज का 41वां सामूहिक विवाह, दूल्हों को मिलेगा हेलमेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में रामनवमी के पावन पर्व पर सर्व सेन समाज का 41वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यह भव्य आयोजन इस बार 'सुरक्षा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इसमें समाज की ओर से एक अनुकरणीय पहल करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया जाएगा और प्रत्येक दूल्हे को हेलमेट उपहार में दिया जाएगा। मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान और प्रदेश प्रभारी सचिन वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया। इस दौरान समाजजनों ने मुख्यमंत्री को इस भव्य आयोजन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में ससम्मान निमंत्रण पत्र सौंपा। आयोजन की तैयारियों और मुख्यमंत्री को निमंत्रण देने के पश्चात 51 ढाबा रोड स्थित शेषनारायण मंदिर पर समाजजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

### उज्जैन में गैस सिलेंडर की किल्लत पर कार्रवाई तेज

**उज्जैन .** उज्जैन में गैस सिलेंडरों की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। पिछले तीन दिनों में लगभग 1.25 लाख रुपए मूल्य के 80 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। सहायक खाद्य नियंत्रक संतोष सिमोलिया ने बताया कि आपूर्ति विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार और शुक्रवार को 20 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 92 हजार रुपए के सिलेंडर जब्त किए गए थे। शनिवार को भी 11 सिलेंडर जब्त किए गए, जिनकी कीमत करीब 25 हजार रुपए थी। इस तरह, तीन दिनों में कुल 80 सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.25 लाख रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई उज्जैन-उन्हेल रोड स्थित भेरूगढ़ थाने के पास की गई। कार्रवाई में एएसओ रश्मि खाम्बेट और तहसीलदार रूपकला परमार की टीम शामिल रही। अधिकारियों ने बताया कि गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में गैस सिलेंडरों की किल्लत का मुख्य कारण ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति का प्रभावित होना है।

# मुख्यमंत्री की नीतियों से पेंशनरों में आक्रोश, 63 माह का एरियर नहीं मिला तो भोपाल में करेंगे जंगी प्रदर्शन

#### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन उज्जैन संभाग की बैठक संपन्न; धारा 49 (6) समाप्त करने की उठी मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन उज्जैन संभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक 15 मार्च 2026 को मंगलनाथ रोड स्थित सांदीपनी आश्रम के सामने सॉई कृपा रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधोलिया की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक की शुरूआत में सरस्वती पूजन कर मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।



बैठक में स्वागत उद्बोधन संभागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश दुबे ने दिया और उज्जैन संभाग की ओर से आंदोलन किए जाने का समर्थन किया। उज्जैन जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए धारा 49 (6) को तत्काल समाप्त करने हेतु संघर्ष करने और पेंशनरों का लंबित डी.ए. दिलवाने के लिए प्रांतीय शाखा से निवेदन किया। सूर्यवंशी और देवास जिलाध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए मांगें न माने जाने पर आंदोलन किए जाने की बात कही।

### सीएम पर लगाए पेंशनर्स विरोधी नीति अपनाने के आरोप

उपप्रांतीय अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पर पेंशनर्स विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया जो पेंशनरों के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि समय पर डी.आर. नहीं देना और धारा 49 (6) समाप्त नहीं करना अन्यायपूर्ण है। इसकी आड़ में अब तक 63 माह के डी.आर. एरियर से पेंशनरों को वंचित रखा गया है, जो उनका हक है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि ये मांगें नहीं मानी गईं तो भोपाल में जंगी प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतरना पड़ेगा। आंदोलन के इस प्रस्ताव का उपस्थित पेंशनर्स ने पूरे जोर से समर्थन किया। खातेगांव के प्रांतीय महामंत्री पुरुषोत्तम दुबे ने सेवा निवृत्त कर्मचारियों की समस्या क्रम से रखी और धारा 49 (6) समाप्त करने की कार्य योजना बताई। साथ ही डी.ए. एरियर राशि केंद्रीय एवं राज्य के कर्मचारियों की देय तिथि से देने का प्रस्ताव दिया गया। प्रान्त से सभी प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा आंदोलन किए जाने पर प्रकाश डाला गया एवं आंदोलन का प्रस्ताव दिया गया।

### अन्य संभागों से प्रस्ताव आने पर होगा निर्णय

अंत में प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधोलिया ने सभी सेवा निवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं को सुना एवं निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि आंदोलन हेतु अन्य संभागों से प्रस्ताव आने के बाद निर्णय लिया जाएगा। बैठक के अंत में सी.ई.ओ. अनिल त्रिवेदी ने आभार व्यक्त किया।

# उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे: नॉर्मल हाईवे की स्वीकृति पर 400 किसानों ने मुख्यमंत्री का माना आभार, लेकिन मुआवजे पर प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड नॉर्मल हाईवे के जमीन स्तर पर स्वीकृत होने के बाद, इससे प्रभावित 62 गांवों के लगभग 400 किसानों ने भोपाल पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए दो निर्देशों में से एक (नॉर्मल हाईवे का निर्माण) पूरा होने पर किसानों ने खुशी जताई। साथ ही, अपनी दूसरी प्रमुख मांग–'वास्तविक बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा'–को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी से विस्तृत चर्चा की।




किसानों के अनुसार, माननीय मुख्यमंत्री जी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि उनकी दोनों मांगें पूरी होंगी। मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट कहा कि जिस प्रकार उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड रोड के प्रभावितों को वास्तविक बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा राशि दी गई है, उसी तर्ज पर उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड के किसानों को भी उनका हक मिलेगा। उन्होंने किसानों से शासन की कार्यप्रणाली पर विश्वास रखने को कहा।

मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों और आश्वासन के बावजूद, किसानों में स्थानीय जिला प्रशासन और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश है। किसानों का सीधा आरोप है कि प्रशासन उन्हें सही मुआवजा राशि नहीं दे रहा है। किसानों ने बताया कि वर्ष 2024-25 की नई गाइडलाइन में प्रशासन ने जमीनों के भाव में मात्र 1700 रुपए से लेकर 5 से 10 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की ही मामूली वृद्धि की है। स्थिति यह है कि उज्जैन-इंदौर रोड परियोजना में जहां प्रत्येक गांव में कम से कम 45 लाख रुपए प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिया गया है, वहीं उज्जैन-जावरा परियोजना में किसानों को मात्र 2 से 4 लाख रुपए प्रति बीघा का मुआवजा थमाया जा रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि निर्देशों के बावजूद अधिकारी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं और उन्हें लगातार गुमराह कर रहे हैं। यदि प्रशासन ने जल्द ही उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड रोड की तरह न्यायसंगत मुआवजा राशि तय नहीं की, तो किसान मजबूर होकर एक बार फिर सड़कों पर उतरेंगे और उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# प्रशासन और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है दिशा समिति की बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

जिले के सर्वांगीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टरेट सभागृह में लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लोकसभा सांसद ने कहा कि जिला समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक प्रशासन और शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है। इस बैठक में जिले के विकास से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा कर निराकरण सुनिश्चित किया जाता है। सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि निर्णयों को गंभीरता से लें और कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।

सांसद श्री पटेल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर पालिका परिषद और रूक्कष्ठष्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों में यदि कोई तकनीकी समस्या आ रही है, तो शहरी विकास अभिकरण और पीएचई विभाग उसका तुरंत पुनर्निरीक्षण करें। कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जनप्रतिनिधियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराएं और सभी लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद श्री पटेल ने पाटी उद्वहन परियोजना के कार्यपालन यंत्री को जल वितरण की व्यवस्थित समय सारणी जारी करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को असुविधा न हो। सेंधवा उदवहन सिंचाई परियोजना से संबंधित कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया वर्तमान में ग्राम सेगाँव, गोठानिया बालकुआँ, झोपाली एवं मोरदड में पंप हाउस एवं अन्य निर्माण कार्य प्रगतिरत है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा परियोजना के कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया इस महत्वाकांक्षी परियोजना का २३: कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस दौरान कलेक्टर ने जानकारी दी कि सिंचाई संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु प्रति मंगलवार विभिन्न ग्रामों में जलसुनवाई आयोजित भी की जा रही है। वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में परिवर्तन की प्रक्रिया के तहत 64 ग्रामों का गजट नोटिफिकेशन हो चुका है, जिनमें से 60 ग्रामों के नक्शे भी एमपीएसईडीसी से प्राप्त हो चुके हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवन्त सिंह पटेल, विधायक पानसेमल श्री श्याम बरडे, बड़वानी विधायक श्री राजन मण्डलोई, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास, जनपद पंचायत अध्यक्ष पाटी श्री थानसिंह सस्ते, राजपुर श्री मनोहरसिंह अवास्या सहित समिति के शासकीय, अशासकीय सदस्य तथा विभिन्न विभागो के जिला अधिकारी उपस्थित थे




## माता की बाड़ी बोने के साथ आज से होगी लोकपर्व गणगौर की शुरूआत

**सनावद।** निमाड़ के लोक संस्कृति के पर्व गणगौर की आहट सुनाई देने लगी है। घरों में पर्व से जुड़े लोकगीत सुनाई दे रहे है। माता की बाड़ी बोने के साथ शनिवार से पर्व की शुरूआत होगई है। माता की बाड़ियों में भी गीत गूंजने लगेंगे। पर्व का प्रभाव बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। किराणा, कपड़ा सहित अन्य दुकानों पर ग्राहकी देखी जा रही है। क्षेत्र में भीषण गर्मी का असर है, लेकिन लोक संस्कृति के उल्लास के कारण बाजार में रौनक है। निमाड़ अंचल में गणगौर हिंदुओं का सबसे बड़ा लोकपर्व माना जाता है। हर साल चैत्र शुक्ल तृतीया को गणगौर पर्व मनाया जाता है। यह लोकपर्व मप्र व राजस्थान में धूमधाम से लोग मनाते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया तक पूरे निमाड़ में गणगौर लोकपर्व का खासा उत्साह रहता है। गणगौर शब्द गण और गौरा से मिलकर बना है। गण का अर्थ शिवजी से है, गौरा का अर्थ माता पार्वती से है। इस पर्व में शिव व पार्वती दोनों की आराधना की जाती है। लोकपर्व गणगौर की शुरूआत शनिवार को जवारे बुआई के साथ हुई। आस्था, उत्साह व उमंग के साथ क्षेत्र में गणगौर पर्व उल्लास से मनाया जाएगा।

# दक्षिण के द्वार नेपानगर को बनायेंगे प्रदेश के विकास का प्रमुख द्वार- मुख्यमंत्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों की सौगात मिली है, यह इस क्षेत्र के जनजातीय बंधुओं के कल्याण में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास के पन्नों में नेपानगर दक्षिण के द्वार के रूप में अंकित है। कभी खानदेश और दक्षिण की काशी के रूप में पहचाने जाने वाले नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मध्यप्रदेश के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं (झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना एवं नावथा वृहद सिंचाई परियोजना) को शासकीय मंजूरी मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि ये सिंचाई परियोजनाएं इस क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी।

## जुआरियों को पकड़ने तीन थानों की पुलिस ने दबिश दी, 8 जुआरी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद/भीकनगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम सांगवी में खेत के पास जंगल में जुआ खेलते 8 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस को देख आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर इन्हें धरदबोचा। 2 आरोपी मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सूचना मिलने पर एसडीओपी राकेश आर्य के निर्देशन में स्पेशल टीम बनाई गई थी।थाना प्रभारी नीरज सारवान भीकनगांव, दीपक यादव गोगावां व सुदर्शन कलोसिया जैतापुर की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। टीआई सारवान ने बताया शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग रोज जंगल में जगह बदलकर जुआ खेलते है। इसके बाद तीन थानों का दल बनाकर सांगवी के जंगल में घेराबंदी की।

जुआरियों के ठिकाने पर दबिश दी। यहां से मोहम्मद आरीफ (42) पिता अमीर मोहम्मद निवासी भील गली सनावद पुनर्वास, सलीम (55) पिता गफुर मंसुरी निवासी बेड़िया, असफाक अली (36) पिता इस्माइल अली निवासी इस्लामपुरा सनावद, मुराद खां (45) पिता पीरु खां निवासी फ्रीगंज गांजा गोदाम के पास सनावद, अजीमुद्दीन (54) पिता कुतुबुद्दीन निवासी कसाई मोहल्ला भीकनगांव, शेख कलीम उर्फ कय्या (32) पिता शेख करीम निवासी बैल बाजार सनावद, शंकर(34) पिता देवीसिंह सोलंकी निवासी साईराम नगर खंडवा व कमलेश उर्फ सुनील (28) पिता गुलाबचंद सोलंकी निवासी बेड़िया नई बस्ती को पकड़ा गया।

## सरदार पटेल की 150वीं यात्रा का जोरदार स्वागत किया

**मनावर।** लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं एकता यात्रा, जो गुजरात से प्रारंभ होकर धार ग्रामीण जिले के मनावर में पहुँची। इस अवसर पर धार जिला ग्रामीण अध्यक्ष चंचल पाटीदार एवं जिला पदाधिकारी द्वारा यात्रा का स्वागत एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। रथ पर सरदार पटेल के सम्मान में प्राप्त प्रतीक चिन्ह जिसमें सम्मान पत्र, सोने का अशोक स्तंभ के भी दर्शन किए। इस दौरान सरदार पटेल द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुएं जैसे उनका संदूक, चरण पादुका एवं उनकी जेब घड़ी भी प्रदर्शनी के रूप में रथ पर देखी गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कुर्मी पाटीदार महासभा के अध्यक्ष सतीश पटेल, रथ संयोजक बाबू पटेल, मनु भाई पटेल, जी.बी. पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, भाजपा जिला पदाधिकारी लोकेश मुकाती, अंकित शुक्ला, राहुल राठौर, पीयूष पाटीदार, सोनाली श्रीवास्तव, यशराज तोमर सहित भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता बंधु एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## जिले में घरेलू गैस सिलेंडर,पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता- कलेक्टर

**बड़वानी ।** जिले में घरेलू रसोई गैस सहित ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिले में घरेलू गैस एवं ईंधन की निर्बाध आपूर्ति हेतु जिले के घरेलू गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों,पेट्रोल पंप संचालकों एवं केटरिंग असोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल,आईओसीएल एजेंसियों के प्रतिनिधि वीडियो कॉंफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर एवं ईंधन वितरण की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होने घरेलू गैस वितरक कंपनियों के प्रतिनिधियों को बफर स्टॉक रखने एवं प्रतिदिन मूल्यांकन कर माँग और वितरण की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# लायंस क्लब सनावद स्नेह को सेवा गतिविधियों के लिए सर्वाधिक 11 अवार्ड



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1,रीजन- 11,झोन-1 की खंडवा में आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब सनावद स्नेह ने अपनी सेवा गतिविधियों एवं बुलंदियों का परचम फहरा दिया और सर्वोत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए सर्वाधिक 11 अवार्ड हासिल किए। कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल थे।अध्यक्षता रीजन चेयर पर्सन ला.राजीव मालवीय ने की। अतिथियों ने लायंस क्लब की एलसी आईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को लायंस क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप सेवा कार्यों के सफल संपादन के लिए गौरवशाली श्रेय अलंकरण लायंस ऑफ द रीजन अवार्ड एवं नवीन क्लब के गठन के लिए न्यू क्लब स्पॉन्सर से सम्मानित किया। इसी प्रकार लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन को पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण,यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना,नवीन क्लब के गठन और सनावद नगर के विभिन्न स्थानों पर लायंस क्लब के बोर्ड स्थापित करने की सफलतम और उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह को सर्वश्रेष्ठ क्लब एवं लियो क्लब सनावद स्नेह को श्रेष्ठ क्लब का अवार्ड प्रदान किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए 56 सौ पौधों के सफल रोपण के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह को सर्वश्रेष्ठ सेवा गतिविधि का अवार्ड प्रदान किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए लायंस क्लब स्नेह सनावद के सचिव ला.विपिन गुप्ता को श्रेष्ठ सचिव एवं ला. डॉ.श्वेता पंचोलिया को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष,ला.रजनीश जैन और ला.हेमंत दातार को सम्मानित किया गया।

## विश्व उपभोक्ता दिवस का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग बडतानी के द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बड़वानी में कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम खाद्य सुरक्षा विभाग से श्री पंकज ऑचल द्वारा पैक्ड खाद्य पदार्थ जिनमें निर्माण तिथि एक्सपायरी, उपयोग करने की अवधि, पदार्थ जिससे बना है उसके घटको की जानकारी, सामग्री की गुणवत्ता, दूध एवं दूध उत्पाद आदि में मिलावट को किस प्रकार से घर पर ही जाँचा जा सकता है जानकारी दी गई। नापतौल विभाग के श्री अम्बिकेरा चौहान के द्वारा उपभोक्ताओं को पैक्ड सामग्री में पैकेट पर उपभोक्ता हेतु टोल फी नम्बर तथा पैकेट में पैक्ड मात्रा अंकित होना, आवश्यक होकर मिठाई खरीदी के दौरान डब्बे का वजन मिठाई के वजन में शामिल नहीं किया जाये तथा नाप बाट के नेगाशिक रूप से सत्यापित अवधि ए, बी, सी, डी में अंकित होकर सत्यापन ए - 26 अर्थात आगामी मार्च 27 तक वैध होगा । इसी प्रकार बी-26 अर्थात जून 2027 तक, सत्यापन सी-26 अर्थात अक्टूबर 2027 तक वैध होगा आदि जानकारी से अवगत कराया गया। उपभोक्ता सामग्री क्रय के दौरान तौल पर ध्यान दे तो वो ठगी से बच सकता है। खाद्य विभाग से श्री भारत सिंह जमरे जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि विश्व उपभोक्ता दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं आवश्यकता के बारें में वैश्विक जागरुकता करना है तथा उपभोक्ताओ के मौलिक अधिकार जैसे, सुरक्षा चुनना, चुने जाना, सुचना पाना, सुने जाना, निवारण का अधिकार की जानकारी दी गई । साथ ही विभाग अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की जानकारी दी गई। जिसमें माह मार्च एवं अप्रैल 2026 दो माह का एक मुश्त खाद्यान्न 15 अप्रैल 2026 तक तथा मई एवं जून 2026 दो माह का एक मुश्त खाद्यान्न 31 मई 2026 तक वितरण किया जाना है जिसमे उपभोक्ता खाद्यान्न वितरण की पावती प्रत्येक माह के पृथक-पृथक बायो मेट्रिक सत्यापन कर वितरण मात्रा की पावती माहवार अनिवार्य प्राप्त करते हुए पावती अनुसार खाद्यान्न सामग्री वितरण पावती अनुसार उसी समय सामग्री प्राप्त करें।

## अर्चना चिटनिस ने निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हेतु मुख्यमंत्री से किया आग्रह

**बुरहानपुर।** जिले के नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में विधायक अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री से बुरहानपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने का आग्रह किया, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। बुरहानपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, डेयरी, शुगर, एथेनॉल और अन्य कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अर्चना चिटनिस के प्रयास-अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री के समक्ष निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक संभावनाओं, कृषि आधारित उद्योगों और निवेश के अवसरों का ठोस दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।



# सीनियर एक्ट्रेस मधु मल्होत्रा का निधन

## सत्ते पे सत्ता', 'कर्ज' जैसी फिल्मों में काम किया था, गाने 'लंबी जुदाई' में भी नजर आई थीं

ट्रेड मैगजीन फिल्म इंफॉर्मेशन के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार 14 मार्च को मुंबई के ओशिवारा श्मशान घाट में किया गया। हालांकि, अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि उनके निधन की वजह क्या थी।

मधु मल्होत्रा ने 1975 में रामसे ब्रदर्स की हॉरर फिल्म अंधेरा से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद शक्ति सामंत की फिल्म द ग्रेट गैम्बलर में उन्होंने अमिताभ बच्चन के किरदार जय की बहन की भूमिका निभाई। फिल्म कर्ज में उन्होंने पिंकी का किरदार निभाया था। वहीं फिल्म आस-पास में वह प्रेम चोपड़ा के साथ नजर आई थीं।

**फिल्म सत्ते पे सत्ता में भी नजर आई थीं–** मधु मल्होत्रा ने फिल्म सत्ते पे सत्ता में भी काम किया था, जिसका निर्देशन राज एन सिप्पी ने किया था। अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी स्टारर इस फिल्म में वह पेंटल के साथ नजर आई थीं। सुभाष घई की फिल्म हीरो में मधु मल्होत्रा फेमस गाने लंबी जुदाई में जिप्सी महिला के किरदार में नजर आई थीं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थे। बाद में उन्होंने 1992 की फिल्म हीर रांझा में अनिल कपूर की बहन का किरदार निभाया। 1993 की फिल्म किंग अंकल में उन्होंने मिसेज मलिक की भूमिका निभाई। वह फिल्म गुलाम में भी नजर आई थीं। मधु मल्होत्रा आखिरी बार 2000 में रिलीज हुई मोहन भाकरी की फिल्म वो बेवफा थी में दिखाई दी थीं।



# एकता कपूर लॉन्च करेंगी हुनर

## कलाकारों को मिलेगा नया मंच: बालाजी टेलीफिल्म्स की नई कंपनी एक्टर्स-क्रिएटर्स को देगी बेहतर मौके, गाइडेंस और मजबूत प्लेटफॉर्म





टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को कई बड़े सितारे देने वाली प्रोड्यूसर एकता कपूर अब टैलेंट मैनेजमेंट की दुनिया में भी कदम रख रही हैं। उनके नेतृत्व वाली कंपनी बालाजी टेलीफिल्म्स ने नए टैलेंट मैनेजमेंट वेंचर हुनर लॉन्च करने की घोषणा की है।

यह नई कंपनी खास तौर पर कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने और परफॉर्मेंस के कल्चर को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई गई है। हुनर का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के स्थापित कलाकारों के साथ-साथ नए क्रिएटर्स और एक्टर्स को भी एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है, जहां उन्हें सही दिशा और मौके मिल सकें।

कंपनी के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म टैलेंट को सिर्फ रिप्रेजेंट करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कलाकारों की आर्टिस्टिक ग्रोथ पर भी काम करेगा। यहां कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर अवसर और एक क्रिएटिव माहौल दिया जाएगा, जिससे वे अपने हुनर को निखार सकें और यादगार कहानियों का हिस्सा बन सकें।

नए वेंचर के बारे में बात करते हुए एकता कपूर ने कहा कि बालाजी टेलीफिल्म्स में हमेशा से यह विश्वास रहा है कि टैलेंट तभी चमकता है, जब उसे सही माहौल और प्रोत्साहन मिले। उनके मुताबिक, हुनर के जरिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने की कोशिश है, जहां कलाकारों को सिर्फ मैनेज नहीं किया जाएगा, बल्कि उन्हें समझा भी जाएगा।

उन्होंने कहा कि कंपनी का मकसद कलाकारों को सोच-समझकर गाइडेंस देना, उनकी खूबियों के हिसाब से मौके तलाशने में मदद करना और उनके लंबे समय तक विकास में साथ देना है। एकता के अनुसार, यह पहल कलाकारों को एक्सपेरिमेंट करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का मौका देगी।

- इस नए वेंचर के लॉन्च को सेलिब्रेट करने के लिए मुंबई के प्रतिष्ठित फेयरमोंट मुंबई में एक एक्सक्लूसिव हुनर लॉन्च पार्टी का आयोजन किया जाएगा। इस खास शाम में बॉलीवुड और टेलीविजन इंडस्ट्री के कई दिग्गज सितारे, क्रिएटर्स, इंडस्ट्री लीडर्स और मीडिया से जुड़े लोग शामिल होंगे।
- एकता कपूर लंबे समय से नए टैलेंट को मौका देने के लिए जानी जाती हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस ने इंडस्ट्री को कई बड़े कलाकार दिए हैं। ऐसे में हुनर के जरिए वह अपने इसी विजन को और आगे बढ़ा रही हैं।
- इस पहल के साथ बालाजी टेलीफिल्म्स न सिर्फ कहानी कहने की अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कलाकारों के लिए एक ऐसा मंच भी तैयार कर रहा है, जहां वे सीख सकें, बढ़ सकें और अपनी पहचान बना सकें।



# गोविंदा अब भी बेस्ट एक्टर : डेविड धवन

## टैलेंट के मामले में उनका कोई मुकाबला नहीं, सेट पर लेट आने का बचाव किया

डायरेक्टर डेविड धवन ने कहा है कि उनके साथ काम करने वाले एक्टर्स में गोविंदा अब भी बेस्ट एक्टर हैं। डेविड अपने बेटे वरुण के साथ द ग्रेट इंडियन कपिल शो के ग्रैंड फिनाले में मेहमान बनकर पहुंचे हमान बनकर पहुंचे थे। शो के दौरान डेविड ने अपने पुराने दोस्त गोविंदा की जमकर तारीफ की। उन्होंने गोविंदा के सेट पर लेट आने की खबरों पर उनका बचाव किया और और बताया कि काम के टैलेंट के मामले में उनका कोई मुकाबला नहीं है।

**गोविंदा के लेट आने पर किया बचाव–** डेविड धवन ने गोविंदा के सेट पर लेट आने के पुराने विवादों पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, लोग बोलते हैं ना कि वो सेट पर देर से आता है, आज कौन लेट नहीं आता? वो आता है और अपना काम पूरी तरह खत्म करके जाता है। डेविड ने आगे कहा कि उन्होंने बॉलीवुड के कई बड़े स्टार्स के साथ काम किया है, लेकिन उन सबमें गोविंदा उन्हें आज भी बेस्ट लगते हैं।

**वरुण बोले– पापा आज भी ची ची भैया को याद करते हैं–** एपिसोड के दौरान वरुण धवन ने बताया कि उनके पिता आज भी गोविंदा के काम के बहुत बड़े फैन हैं। वरुण ने कहा, आज भी जब कोई नया सीन लिखा जाता है, तो पापा को ची ची भैया (गोविंदा) की याद आती है। वे मुझसे कहते हैं कि अगर गोविंदा यहां होते, तो वे इसे कैसे करते? वे अक्सर मेरी तुलना सलमान खान, गोविंदा और अनिल कपूर से करते हैं। वरुण ने मजाकिया अंदाज में यह भी बताया कि अगर सेट पर कोई एक्टर खराब काम करे, तो डेविड माइक पर ही उसे 'ठंडा एक्टर' बोल देते हैं।

**पार्टनर फिल्म का सुनाया दिलचस्प किस्सा–** डेविड ने फिल्म 'पार्टनर' की शूटिंग का एक वाकया साझा किया। उन्होंने बताया कि गोविंदा ने चार पन्नों का लंबा सीन सिर्फ एक बार पढ़ा और उसे एक ही टेक में पूरा कर दिया। डेविड ने कहा, आप यकीन नहीं करेंगे, वह चार पन्नों का सीन था। मैंने शॉट सेट करना शुरू किया तो उसने कहा कि अभी सेट मत करो, बस मुझे परफॉर्म करते देखो। उस सीन में उसने ऐसी कलाबाजियां दिखाईं कि मैं दंग रह गया। गोविंदा वाकई कमाल का है।

# मधुबाला बायोपिक में कास्टिंग की चर्चा: साई पल्लवी को मिल सकता है लीड रोल

हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय अदाकाराओं में गिनी जाने वाली मधुबाला की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक एक बार फिर चर्चा में आ गई है। फिल्म की कास्टिंग को लेकर लगातार नए-नए नाम सामने आ रहे हैं। पहले खबर थी कि इस फिल्म में लीड रोल के लिए कियारा आडवाणी को चुना गया है, लेकिन यह खबर झूठी साबित हुई।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री साई पल्लवी का नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि वह इस भूमिका के लिए फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की शुरूआती पसंदों में शामिल रही हैं। हालांकि कास्टिंग को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

दरअसल, इस बायोपिक को लेकर पिछले कुछ महीनों से कई तरह की खबरें सामने आती रही हैं। कभी कियारा आडवाणी के नाम की चर्चा हुई, तो कभी सैयारा फेम अभिनेत्री अनीत



पड्डा को मधुबाला का किरदार निभाने की खबरें आईं। लेकिन बाद में कुछ रिपोर्ट्स में इन दावों को अफवाह भी बताया गया। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म के निमार्ता एक ऐसे चेहरे की तलाश में हैं जो मधुबाला की खूबसूरती और अभिनय दोनों को पर्दे पर जीवंत कर सके। इसी वजह से कास्टिंग को लेकर काफी सावधानी बरती जा






रही है और कई नामों पर विचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि मधुबाला भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक रही हैं। उनकी फिल्में और उनकी निजी जिंदगी दोनों ही लंबे समय तक चर्चा में रही हैं। ऐसे में उनकी जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक को लेकर दर्शकों में भी काफी उत्सुकता है। फिलहाल फिल्म की कास्टिंग और शूटिंग को लेकर मेकर्स की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इस प्रोजेक्ट से जुड़े और बड़े अपडेट सामने आ सकते हैं।

### सीएसके सीईओ बोले- एमएस धोनी भूमिका पर फैसला कोचिंग स्टाफ करेगा, ट्रेनिंग शुरू की

# आईपीएल 2026 में पूरा सीजन खेलेंगे धोनी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 में पूरा सीजन खेलेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम में धोनी की भूमिका क्या होगी, इसका फैसला कोचिंग स्टाफ करेगा।

**मार्च की शुरूआत से कर रहे ट्रेनिंग-** 44 साल के धोनी मार्च की शुरूआत में ही चेन्नई पहुंच गए थे और टीम के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई में टीम ने नए सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। धोनी ने पिछले महीने रांची में हल्के नेट सेशन के साथ अपनी तैयारी शुरू की थी।

**भूमिका पर फैसला क्रिकेटिंग स्टाफ करेगा-** सीएसके सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि धोनी इस सीजन के सभी मैच खेलेंगे। हालांकि उन्हें बल्लेबाज, विकेटकीपर-बल्लेबाज या इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा या नहीं, इसका फैसला टीम का क्रिकेटिंग स्टाफ करेगा।

**संजू सैमसन के आने से उठी थीं अटकलें-** राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन के सीएसके में आने के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि धोनी इस बार कम मैच खेल सकते हैं या सीमित भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि टीम प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि धोनी पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

**पिछले सीजन में बीच में संभाली थी कप्तानी-** आईपीएल 2025 में ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद धोनी ने टूर्नामेंट के बीच में टीम की कप्तानी संभाली थी। इसके बावजूद सीएसके पहली बार आईपीएल इतिहास में अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही थी।

**चेन्नई में ही होंगे सीएसके के सभी मैच-** विश्वनाथन ने कहा कि टीम अपने सभी घरेलू मैच चेन्नई में ही खेलेगी। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने के बावजूद उन्हें आयोजन को लेकर कोई बड़ी परेशानी नहीं दिख रही है।

**वर्ल्ड कप जीत से उरङ को मिला आत्मविश्वास-** विश्वनाथन ने भारत के लगातार दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि सीएसके के खिलाड़ी संजू सैमसन और शिवम दुबे ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच धोनी के नाम-** आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहली पायदान पर हैं। वे अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाए हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 154 कैच भी लपके हैं।

## साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

### पहले टी-20 में 92 रन का टारगेट मिला था, डेब्यू कर रहे मोकोएना को 3 विकेट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ प्रोटियाज टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया।

15 मार्च को माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। कीवी टीम 14.3 ओवर में सिर्फ 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इंटरनेशनल टी-20 में यह न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर है। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की बैटिंग फेल इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर 26 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों पर 15 रन, कोल मैकॉन्ची ने 11 गेंदों पर 15 रन और बेवॉन जैकब्स ने 7 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली। हालांकि टीम के सात बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 7वें विकेट के लिए हुई, जब नीशम और मैकॉन्ची ने 17 गेंदों में 26 रन जोड़े। डेब्यूटेंट मोकोएना ने 3 विकेट लिए साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू कर रहे नकोबानी मोकोएना ने 3.3 ओवर में 26 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। वहीं जेराल्ड कूट्जी और ओटनील बार्टमैन ने 3-3 ओवर में 2-2 विकेट झटके। स्पिनर केशव महाराज ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 2-1 से वनडे सीरीज हराई



### तीसरे वनडे 11 रन से जीता, तंजिद का शतक, सलमान आगा की सेंचुरी बेकार गई

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को तीसरे वनडे में 11 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। ढाका के शेरे बंगला नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में तंजिद हसन तमिम ने शानदार शतक लगाते हुए टीम को 50 ओवर में 5 विकेट पर 290 रन तक पहुंचाया।

जवाब में पाकिस्तान की टीम 50 ओवर में 279 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान के लिए सलमान आगा ने 106 रन की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन उनका शतक टीम को हार से नहीं बचा सका।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत संभली हुई रही। सैफ हसन (36) और तंजिद हसन तमिम ने पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। सैफ के आउट होने के बाद भी तमिम ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और 107 गेंद में 107 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 7 छक्के लगाए। मिडिल ऑर्डर में नजमुल हुसैन शांतो (27) और लिटन दास (41) ने टीम को स्थिरता दी। आखिरी ओवरों में तौहीद हृदय ने 44 गेंद में नाबाद 48 रन बनाकर टीम को 290 रन तक पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ ने 3 विकेट लिए, जबकि शाहीन अफरीदी और अबरार अहमद को एक-एक विकेट मिला।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









श्रीलंकाई इकाई का आश्वासन

# पड़ोसी देश की ऊर्जा सप्लाई में नई पड़ेगा खलल



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने श्रीलंका को भरोसा दिलाया है कि देश में ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा बनी रहेगी। यह आश्वासन ऐसे समय दिया गया है, जब श्रीलंका ने भारत से ऊर्जा आपूर्ति शृंखला बनाए रखने में सहयोग मांगा है।

लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच श्रीलंका को निरंतर ईंधन आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एलआईओसी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस. जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति शृंखला बनाए रखने के अनुरोध के बाद आया है।

एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के. रघु ने शनिवार को कोलंबो में प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में, मैं लोगों से केवल इतना कहना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम ईंधन आपूर्ति बनाए रखेंगे और देश को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करेंगे, जो बहुत महत्वपूर्ण है। एलआईओसी श्रीलंका में एक महत्वपूर्ण ऊर्जा प्रदाता है, जो पूरे देश में 200 ईंधन स्टेशनों का संचालन करता है। कंपनी की बाजार में 20 फीसदी हिस्सेदारी है। एलआईओसी पहली बार 2003 में 20 साल के अनुबंध के तहत श्रीलंका आया था, जिसे 2023 में नवीनीकृत किया गया है।

92700 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहे शिवालिक और नंदा

# कालाबाजारी के खिलाफ देशभर में छापेमारी



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत की ऊर्जा सुरक्षा, एलपीजी आपूर्ति और कालाबाजारी पर सरकार की ओर से क्या बताया गया है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार सक्रिय है। भारत की राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स के मोर्चे पर महत्वपूर्ण गतिविधियां दर्ज की गई हैं। एक तरफ जहां भारी मात्रा में एलपीजी गैस लेकर विशाल टैंकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में आपूर्ति शृंखला को बाधित करने वालों के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त रुख अपना लिया है।

**गैस आपूर्ति और पोर्ट लॉजिस्टिक्स-** शनिवार को सरकार की ओर से बताया गया कि 'शिवालिक' और 'नंदा' नाम के एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज पास को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं। जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि तय योजना के मुताबिक, ये वाणिज्यिक जहाज पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों- मुंद्रा पोर्ट और कांडला पोर्ट पर एंकर करेंगे। शेड्यूलिंग के अनुसार ये शिपमेंट 16 और 17 मार्च को भारत पहुंच जाएंगे। इतनी बड़ी मात्रा में गैस की आवक से घरेलू बाजार में ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी और औद्योगिक व घरेलू मांग को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा।

**राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में व्यावसायिक सिलेंडरों का वितरण शुरू-** व्यावसायिक सिलेंडरों को लेकर काफी चर्चा हुई, जिसके बाद व्यावसायिक सिलेंडरों के लिए भी एलपीजी की एक निश्चित मात्रा आवंटित करने का निर्णय लिया गया। इस बारे राज्य सरकारों से भी बातचीत की गई। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए ये व्यावसायिक सिलेंडर राज्य सरकारों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस संबंध में, लगभग 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यावसायिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो चुका है और वे उपभोक्ताओं तक पहुंच चुके हैं। ऑनलाइन बुकिंग वर्तमान में लगभग 84% है; हालांकि, इस आंकड़े को लगभग 100% तक सुधारने की जरूरत है।

## घबराहट के कारण बढ़े गैस बुकिंग के मामले

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है; हालांकि, अभी तक किसी भी प्रकार की स्टॉक की कमी की सूचना नहीं मिली है। शर्मा ने बताया कि घबराहट में बुकिंग के मामले अब भी बहुत अधिक हैं। उन्होंने कहा, ₹जो आंकड़ा मैंने कल आपके साथ साझा किया था - लगभग 75 से 76 लाख बुकिंग - वह अब बढ़कर लगभग 88 लाख हो गया है। शर्मा ने कहा, हमें विभिन्न स्थानों और स्रोतों से शिकायतें मिल रही हैं कि गैस सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहे हैं। मैं इस अवसर पर एक बार फिर स्पष्ट करना चाहूंगी कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिनों का अनिवार्य अंतराल है और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 45 दिनों का है। यदि आप इस अवधि के समाप्त होने से पहले सिलेंडर बुक करने का प्रयास करते हैं, तो बुकिंग सफल नहीं होगी। कृपया वर्तमान में उपलब्ध डिजिटल बुकिंग साधनों का उपयोग करें। इनमें आईवीआरएस, एसएमएस बुकिंग, व्हाट्सएप बुकिंग और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की ओर से प्रदान किए गए मोबाइल एप्लिकेशन शामिल हैं। सिलेंडर बुक करने या प्राप्त करने के लिए वितरक केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाने, कतार में खड़े होने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी तेल विपणन कंपनियों ने अतीत में लगातार आपके घर तक सीधे सिलेंडर पहुंचाए हैं और वे ऐसा करना जारी रखेंगी। इसलिए, घबराने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने लोगों से अपील की है कि घबराकर बुकिंग न करें; तभी बुकिंग करें जब यह अत्यंत आवश्यक हो।

## भारतीय नाविकों की सुरक्षित और सफल वापसी

- कमर्शियल शिपिंग और लॉजिस्टिक्स के अलावा, समुद्री क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सकारात्मक खबर सामने आई है। आधिकारिक सूचना के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के भीतर 30 भारतीय नाविकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। यह कदम समुद्री ऑपरेशंस से जुड़े मानव संसाधन की सुरक्षा और संकट प्रबंधन की सफलता को दर्शाता है।

## बाजार में कालाबाजारी के खिलाफ संयुक्त देशव्यापी अभियान

- आपूर्ति तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ, घरेलू बाजार में गैस और आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम किल्लत पैदा करने वाले तत्वों पर भी कड़ा प्रहार किया जा रहा है। बाजार में कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई संयुक्त टीमों का गठन किया गया है, जो लगातार रेड कर रही हैं।
- इस प्रवर्तन अभियान का सीधा प्रभाव कई राज्यों में देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश में व्यापक कार्रवाई हुई है। राज्य में कालाबाजारी पर लगाम लगाने के लिए बड़े पैमाने पर 1400 स्थानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान अनियमितताओं में संलिप्त पाए गए 19 लोगों के खिलाफ मामले भी दायर किए गए हैं। अन्य राज्यों में भी चौकसी है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में भी कई जगहों पर संयुक्त टीमों द्वारा छापेमारी की जा रही है।

## अब आगे क्या?

- कुल मिलाकर, भारत अपनी रणनीतिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए समुद्री लॉजिस्टिक्स और आयात को सफलतापूर्वक सुरक्षित कर रहा है। 16 और 17 मार्च को मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों पर 92,700 मीट्रिक टन गैस की आवक से जहां देश के ऊर्जा भंडार में वृद्धि होगी, वहीं देशव्यापी छापों से कालाबाजारी नेटवर्क पर भारी दबाव बनेगा। आपूर्ति और सुशासन की यह दोहरी रणनीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत और सकारात्मक आउटलुक पेश करती है।

पश्चिम में जारी तनाव के बीच कैसी रहेगी घरेलू बाजार की चाल?

# भू-राजनीतिक जोखिमों ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव से इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार दबाव में रहे। विशेषज्ञों का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा, महंगे तेल और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है।

बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों को मनोबल लगातार गिरा है। इससे भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इस सप्ताह बाजार में भारी उतरा-चढ़ाव और गिरावट देखने को मिला।



निफ्टी-50 सप्ताहवार में 5.3% की गिरावट के साथ 23,151 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स सप्ताहवार 5.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,564 पर स्थिर रहा। आगामी सप्ताह में बाजार की दिशा में भारी उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम होंगे। कच्चे तेल की कीमतों के रुझान, वैश्विक बॉन्ड यील्ड और मुद्रा बाजार की अस्थिरता को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**बाजार में गिरावट कोई आश्चर्य की बात नहीं-** इनक्रेड वेल्थ के सीईओ नितिन राव ने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक कारकों ने बाजारों को प्रभावित किया है। यह एक अप्रत्याशित घटना थी और उम्मीदों के विपरीत, यह एक लंबा संघर्ष बन गया है,जिसके समाप्त होने के कोई आसार नहीं हैं। इस घटना ने पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है और अब ऊर्जा अवसंरचना भी इससे प्रभावित हो रही है। भारत पहले से ही अपनी आर्थिक विकास दर में मंदी और भारतीय आईटी पर एआई के प्रभाव से जूझ रहा था, और इस संघर्ष ने एक प्रमुख आर्थिक कारक तेल पर अतिरिक्त दबाव डाल दिया है। इसलिए बाजार में गिरावट कोई आश्चर्य की बात नहीं है और संघर्ष के परिणाम के आधार पर और गिरावट की संभावना है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में आई बाधा से जोखिम बढ़ा

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर कहते है, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण सप्ताह के दौरान शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा, जिस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, उसमें गंभीर व्यवधान उत्पन्न होने से चिंताएं और भी बढ़ गईं हैं। सुरक्षा जोखिमों में वृद्धि और युद्ध के जोखिमों से बीमा प्रीमियम में उछाल के कारण कई शिपिंग ऑपरेटरों ने इस रास्ते से आवाजाही बंद कर दी है। इससे टैंकरों का आनाजाना प्रभावी रूप से बाधित हो रहा है और आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की आशंका बढ़ गई। इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न अनिश्चितता ने कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल ला दिया और वैश्विक बाजारों में एक नया भू-राजनीतिक जोखिम पैदा कर दिया है। वे कहते हैं कि पश्चिम एशिया वैश्विक ऊर्जा निर्यात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए बढ़ते संघर्ष ने आपूर्ति में निरंतर व्यवधान, मुद्रास्फीति के दबाव और व्यापक मैक्रोइकॉनॉमिक अस्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

उद्योगों को बड़ी राहत

# बदले कैप्टिव पावर जनरेशन के नियम, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगी रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत सरकार ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। उद्योगों के लिए आसान हुए नियम। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर इस विस्तृत बिजनेस रिपोर्ट को पढ़ें।

भारत के ऊर्जा क्षेत्र और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा नीतिगत कदम उठाया है। 'इलेक्ट्रिसिटी रूल्स, 2026' को अधिसूचित करते हुए ऊर्जा मंत्रालय ने कैप्टिव पावर जनरेशन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य उद्योगों के लिए नियामक अस्पष्टता को खत्म करना और भारत के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को हासिल करना है। नए नियमों के तहत कैप्टिव पावर प्लांट्स के स्वामित्व की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। अब इसमें उस इकाई की सहायक कंपनियों, होल्डिंग कंपनियों और होल्डिंग कंपनी की अन्य सहायक कंपनियों को भी शामिल किया गया है, जो कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट स्थापित करती हैं। यह स्पष्टीकरण आधुनिक कॉर्पोरेट संरचनाओं को मान्यता देता है, जहां बिजली संपत्तियों को अक्सर समूह संस्थाओं या स्पेशल पर्पस व्हीकल के माध्यम से विकसित किया जाता है। इस नीतिगत बदलाव से यह सुनिश्चित होगा कि कॉरपोरेट समूहों के वैध कैप्टिव निवेश को केवल उनकी संगठनात्मक संरचना के कारण कैप्टिव दर्जे से वंचित न किया जाए। इसके अलावा, नियमों के अनुपालन को आसान बनाने के लिए कई प्रावधानों को सरल किया गया है। कैप्टिव पावर जेनरेशन का मतलब है किसी उद्योग या व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा अपनी बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वयं का बिजली संयंत्र स्थापित करना। यह बिजली ग्रिड से खरीदने के बजाय, साइट पर ही (कोयला, गैस, या नवीकरणीय ऊर्जा से) पैदा की जाती है, जो निरंतर और सस्ती बिजली सुनिश्चित करती है।

एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जिससे कैप्टिव स्थिति के सत्यापन के दौरान डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसधारियों द्वारा उपभोक्ताओं पर शुल्क लगाने से बचा जा सकेगा।

## एयर इंडिया के कर्मचारियों ने ईएलटी का दुरुपयोग किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/मुंबई

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर विसंगतियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल हैं और एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने सहित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं।

### मुफ्त टिकटों को ऊंचे दामों में बेचा

सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके द्वारा नामित व्यक्तियों (जैसे जीवनसाथी और माता-पिता) को एक निश्चित संख्या में मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। सूत्रों ने बताया कि कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

### धोखाधड़ी की राशि को वापस करना होगा

एक सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है। उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है। एयर इंडिया ने इस दिशा में सुधारात्मक कदम उठाते हुए संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिये ली गई राशि वापस करने को कहा है।


### पहाड़ी राज्यों की ऊंची चोटियों पर हिमपात, मैदान में बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

# भारी बर्फबारी से अटल टनल के पास हजारों वाहन फंसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून/शिमला हिटी

उत्तर भारत के कई राज्यों में रविवार को मौसम ने करवट ली। पहाड़ों पर बर्फबारी हुई तो मैदानों में ओलावृष्टि और बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

भारी बर्फबारी के कारण मनाली के अटल टनल रोहतांग के पास एक हजार से अधिक वाहन फंस गए। सूचना पर मनाली से पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। रिपोर्ट लिखे जाने तक वे फंसी हुईं गाड़ियों को मनाली की तरफ भेज रहे थे। बारिश से फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में रविवार को ठंडी हवाएं चलीं और कई शहरों में बारिश हुई। सोमवार को भी तेज हवाएं चलने का अलर्ट है। मौसम निदेशक डॉ. सीएस तोमर के मुताबिक, 16 मार्च को 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलन की संभावना है।



### पंजाब और हरियाणा बारिश, पारा लुढ़का

पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में रविवार को हल्की बारिश हुई। इससे दोनों राज्यों में अधिकतम तापमान कुछ डिग्री तक नीचे आ गया। मौसम विभाग के अनुसार, चंडीगढ़ में 0.2 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि पंजाब में अमृतसर में 5 मिलीमीटर, बारिश दर्ज की गई।

### ओडिशाः तूफान ने मचाई तबाही, दो लोगों की मौत

ओडिशा के मयूरभंज जिले में रविवार शाम तूफान ने भारी तबाही मचाई है। इससे दो लोगों की मौत हो गई। पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं 12 गांवों में 200 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। मृतकों में 54 वर्षीय पी. नायक और 45 वर्षीय मालती महंता शामिल हैं।

श्रीनगर। गुलमर्ग पर्यटन स्थल समेत कश्मीर के ऊपरी इलाकों के कुछ क्षेत्रों में हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि जोजिला दर्रे पर हुए हिमपात के कारण श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद करना पड़ा। घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। किश्तवाड़ जिले में ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण 30 से अधिक वाहन फंस गए।

### हिमाचल : 21 मार्च तक मौसम खराब रहेगा

हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में बारिश शुरू हो गई है। 21 मार्च तक पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहने के आसार हैं। रोहतांग दर्रा सहित चार प्रमुख दर्रों में ताजा हल्की बर्फबारी हुई है।

यूपी : प्रदेश में कई जगह का ऑरेंज अलर्ट जारी

कानपुर। पश्चिमी विक्षोभ समेत सक्रिय मौसमी गतिविधियों के चलते रविवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम का मिजाज बदला रहा। कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई और तेज हवाएं चलीं। बारिश के चलते उत्तर प्रदेश में फसलों को नुकसान हुआ है।

### झारखंड : कई जिलों में बारिश, ओले भी गिरे

रांची समेत कई जिलों में काले बादल छाने से दिन में ही अंधेरा छा गया। कई क्षेत्रों में धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई तो कुछ जगहों बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान 17 जिलों में आंधी के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

## नेपाल सीमा से सटे गांव अंतिम नहीं प्रथम कहलाएंगे

**लखीमपुर।** उत्तर प्रदेश के सात जिलों के नेपाल सीमा से सटे गांव अब अंतिम नहीं, बल्कि प्रथम गांव बनेंगे। विकास में पिछड़े इन गांवों को चिन्हित करने के बाद सर्वे कराकर वाइब्रेंट विलेज के रूप में चयनित किया गया है। खीरी, पीलीभीत, बलरामपुर, महराजगंज, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और बहराइच जिले नेपाल सीमा से सटे हैं।

खीरी जिले के 47 ग्रांव वाइब्रेंट गांव के रूप में चिन्हित किए गए हैं। गृह मंत्रालय की मानीटरिंग में सीमावर्ती इन गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास पर फोकस रहेगा साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सड़क कनेक्टिविटी, दूरसंचार नेटवर्क और विद्युतीकरण कराया जाएगा। खीरी जिले की नेपाल सीमा से सटे 47 गांवों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत विकसित किया जाएगा। इन गांवों को सबसे पहले सीमा गांव के रूप में चुना गया है, जहां हर मौसम में सड़क संपर्क, दूरसंचार सुविधा और ऑन-ग्रिड विद्युतीकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

अब तक सबसे पिछड़े गांवों में शुमार इन गांवों को अब प्रथम गांव मानकर विकसित किया जाएगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का कहना है कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम कार्यक्रम का उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा पर स्थित गावों में बुनियादी ढांचे का विकास, जन-जागरूकता गतिविधियों का संचालन, पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर और कौशल विकास को बढ़ावा देकर सीमावर्ती गावों के लोगों को बेहतर आजीविका के अवसर मुहैया कराना और उनका सशक्तिकरण करना है।

साथ ही स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों, युवाओं और महिलाओं को मजबूत करना है। ज़िला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अरविंद वर्मा ने बताया कि जिले के 47 गांव व्राइब्रेंट गांव में शामिल हैं । गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश नियोजन विभाग कार्यक्रम के क्रियान्वयन का समन्वय करेगा।

### हृदय विदारक : इच्छामृत्यु की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एम्स ले जाने से पहले ब्रह्माकुमारी बहनें घर मिलने पहुंचीं, वीडियो वायरल

# सबको माफ करते, सबसे माफी मांगते हुए जाओ हरीश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गाजियाबाद

सबको माफ करते हुए, सबसे माफी मांगते हुए जाओ हरीश। इन्हीं शब्दों के साथ ब्रह्माकुमारी बहनों ने एम्स जाने से पहले हरीश राणा को परिवार के साथ भावुक विदाई दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ब्रह्माकुमारी ने हरीश के जाने से पहले घर में राजयोग कराया।

13 वर्षों से मरणासन्न स्थिति में पड़े हरीश राणा को सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। इसकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए दिल्ली के एम्स ले जाए जाने से पहले ब्रह्माकुमारी बहनें शुक्रवार को हरीश राणा से मिलने राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज एंपायर सोसाइटी में उनके घर पहुंचीं। मोहननगर स्थित ब्रह्माकुमारीज मेडिटेशन केंद्र की संचालिका बीके लवली दीदी ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित केंद्र की ब्रह्माकुमारी बहनें हरीश राणा के घर गई थीं। 32 वर्षीय हरीश के अस्पताल रवाना होने से पहले उनके घर में राजयोग मेडिटेशन कराया गया। बहनों ने हरीश की आत्मा को शक्ति देने के लिए योग कराया।

**मधुबन भी गए थे हरीश :** हरीश का जुड़ाव ब्रह्माकुमारीज केंद्र से काफी पुराना रहा है। ब्रह्माकुमारी लवली दीदी ने बताया कि हरीश जब ठीक थे तो माता-पिता के साथ माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय मधुबन भी गए थे।



### एम्स ले जाते समय नहीं देख पाए पड़ोसी

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित राज एम्पायर सोसाइटी में रहने वाले हरीश राणा को गोपनीय तरीके से एम्स ले जाने के कारण पड़ोसी उन्हें नहीं देख सके। इस बात को लेकर लोगों में मलाल है। बुधवार को इच्छा मृत्यु की मंजूरी मिलने के बाद शुक्रवार सुबह हरीश को उनके परिवार वाले एम्स लेकर गए। स्थानीय निवासी मनीष ने बताया कि एम्स ले जाते समय वे हरीश को नहीं देख सके, इस बात का मलाल हमेशा रहेगा। अशोक सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अशोक राणा का परिवार कठिन दौर से गुजर रहा है। ऐसे में उनसे भावनात्मक जुड़ाव हो गया था।

### पिता हर रोज ध्यान लगाने जाते थे

ब्रह्माकुमारी ने बताया कि हरीश के पिता अशोक राणा रोजाना केंद्र में सुबह के समय आकर योग साधना के सत्र में शामिल होते हैं। एक घंटे ध्यान लगाकर वह बाकी बचे 23 घंटों के लिए खुद को तैयार करते थे, क्योंकि बेटे की स्थिति को देखते हुए उनके लिए हर दिन चुनौती और दुखों से भरा होता है।

### तुमको कष्टों से मुक्ति मिल जाएगी

ब्रह्माकुमारी ने कहा कि जाओ हरीश, वक्त आ गया। तुम्हारी तकलीफों के बस कुछ पल और बचे हैं। 2013 में जब तुम चंडीगढ़ में इंजीनियरिंग कर रहे थे, चौथी मंजिल से गिर गए थे। इसके बाद से तुम बिस्तर पर पड़े हो। तुम्हारे शरीर और दिमाग ने काम करना बंद कर दिया। तुमको कष्टों से मुक्ति मिल जाएगी।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री धर्मेंद्र कटारे पिता श्री विश्वनाथ कटारे, निवासी-ग्राम राजौआ, सागर (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 231 का पूर्व दिशा वाला भाग, वर्तमान म्यु. क्रमांक 231/1, जो कि ₹वृन्दावन धाम₹, उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 44.06 वर्गमीटर को क्रय करने का सौदा भवन स्वामी से तय किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्यारनामा आम या मुख्यारनामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेजों के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सूचित हो।

इति दिनांक 16.03.2026

**डॉ० एस०के० शर्मा एडवोकेट**
**ऑ.नं. 04, तल मंजिल,**
**मकान नंबर 15, बख्तावर मार्ग,**
**फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो.नं. 9300707767**

### खार्ग द्वीप पर हमले के जवाब में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया

# बौखलाए ईरान ने खाड़ी देशों पर की भारी बमबारी



ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान/दुबई/वाशिंगटन

अमेरिका ने ईरान के खार्ग द्वीप पर भीषण हवाई हमले कर सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया। यह द्वीप ईरान के तेल निर्यात नेटवर्क के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। हमले से बौखलाए ईरान ने रविवार को खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने खार्ग द्वीप और अबू मूसा द्वीप पर संयुक्त अरब अमीरात के दो स्थानों- रस अल खैमाह और दुबई के बेहद करीब एक जगह से हमला किया था। इस बीच बहरीन और यूएई ने भी रविवार को ईरान की ओर से नए मिसाइल हमलों की सूचना दी। यूएई ने कहा कि रविवार को ईरान ने उस पर चार बैलिस्टिक मिसाइल और छह ड्रोन से हमला किया। इससे पहले ईरान ने लोगों से यूएई के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। ईरान ने शनिवार रात से रविवार तक इजरायल पर सात मिसाइलें दागीं, जिनमें आठ लोग घायल हो गए। इसके साथ ही इजरायली सेना ने पश्चिमी ईरान में के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए नए हवाई हमले शुरू किए हैं। दूसरी ओर इजरायली वायुसेना ने ईरान में व्यापक हवाई हमले शुरू किए हैं। इसमें ईरानी शासन के कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है।

### हमले में 15 लोगों की मौत

उधर, ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि देश के इस्फहान शहर में अमेरिका-इजरायल के हमले में 15 लोगों की मौत हो गई है। गौरतलब है कि इस्फहान शहर मध्य ईरान का अहम औद्योगिक शहर माना जाता है। उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के महत्वपूर्ण तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर आगे भी सैन्य हमले कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस द्वीप पर फिर से केवल मजे के लिए और हमला कर सकता है।

## युद्ध के बीच ईरान ने पहली बार दागी डांसिंग मिसाइल



**तेहरान।** मध्य-पूर्व में जारी युद्ध के बीच ईरान ने पहली बार अपनी उन्नत सेज्जिल मिसाइल का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने रविवार को इजरायल और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर कई मिसाइलें दागीं, जिनमें ह्यसेज्जिलह्व मिसाइल भी शामिल थी। खास क्षमता की वजह से इस मिसाइल को ह्यडांसिंग मिसाइलह्व भी कहा जाता है। पूरी तरह ईरान में डिजाइन और विकसित : ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी को शुरू हुए इस युद्ध के बाद पहली बार सेज्जिल मिसाइल का इस्तेमाल किया गया है। यह मिसाइल पूरी तरह ईरान में डिजाइन और विकसित की गई है और इसे सज्जिल, आशूरा या अशूरा मिसाइल के नाम से भी जाना जाता है। सेज्जिल-2 एक दो चरणों वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है, जो ठोस ईंधन से चलती है। इसकी मारक क्षमता करीब 2000 किलोमीटर तक बताई जाती है और यह लगभग 700 किलोग्राम तक का पेलोड ले जा सकती है।

## अमेरिका संग वार्ता में दिलचस्पी नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान की अमेरिका के साथ बातचीत में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने ट्रंप के उस रुख पर कड़ा विरोध किया कि तेहरान युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता चाहता है।

अराघची ने एक साक्षात्कार में कहा कि हम स्थिर और काफी मजबूत हैं। हम सिर्फ अपने लोगों का बचाव कर रहे हैं। हमें कोई वजह नहीं दिखती कि हमें उनसे बात करनी चाहिए। क्योंकि जब उन्होंने हम पर हमला करने का फैसला किया तब हम उनसे बात कर रहे थे। ईरान ने न कभी वार्ता के लिए नहीं कहा। ट्रंप ने शनिवार को कहा था कि ईरान एक समझौता चाहता है लेकिन वह मौजूदा शर्तों पर डील के लिए तैयार नहीं है।

### होर्मुज अभी बंद रहेगा

ईरान ने साफ किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य फिलहाल बंद रहेगा। ईरानी मीडिया ने रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के पूर्व कमांडर मोहसिन रेजाई के हवाले से कहा हम अमेरिकी युद्धपोतों को फारस की खाड़ी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देंगे। कहा, फारसी खाड़ी में अमेरिकी (बलों) की उपस्थिति पिछले 50 वर्षों से असुरक्षा का मुख्य कारण रही है। जब तक अमेरिका इस क्षेत्र से अपनी सेना वापस नहीं बुला लेता और ईरान, ओमान होर्मुज का नियंत्रण अपने हाथ में नहीं ले लेता।

### होर्मुज में नौसैनिक मिशन भेजने पर विचार कर रहा यूरोप

यूरोपीय देशों के विदेश मंत्री होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद के लिए एक नौसैनिक मिशन भेजने की योजनाओं पर विचार कर रहे हैं। यूरोपीय देश मौजूदा एस्पाइड्स मिशन का विस्तार करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। इसे पहली बार यमन के तट पर हूती हमलों का मुकाबला करने के लिए शुरू किया गया था ताकि फारस की खाड़ी में जहाजों की सुरक्षा की जा सके। एस्पाइड्स की तैनाती में फ्रांसीसी, ग्रीक और इतालवी नौसेनाओं के तीन-तीन जहाज शामिल हैं।

## खतरे को खत्म करके रहेंगे : इजरायल

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट बेन कोहेन ने रविवार को ईरानी सत्ता को आतंकी शासन करार दिया। कहा, हम इसे पूरी तरह खत्म करेंगे, ऐसा करना जरूरी भी है। उन्होंने ईरान की तुलना एक टाइम बम से भी की, कहा इसे डिफ्यूज करना और पूरी तरह हटा देना हमारी प्राथमिकता है। जब उनसे इजरायल के अंतिम लक्ष्य और युद्ध कब खत्म होगा, इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम खतरे को पूरी तरह खत्म करना चाहते हैं। हम ऐसी स्थिति में नहीं रह सकते जहां एक आतंकवादी शासन हो जो अमेरिका का नाश हो, इजरायल का नाश हो के नारे लगाता हो, और उस सोच को हकीकत बनाने के लिए जरूरी कदम उठाता हो। कोहेन ने कहा कि जब तक लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता, तब तक ये अभियान जारी रहेंगे। हम तब तक अभियान चलाते रहेंगे। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दावा किया है कि तेहरान में इजरायली हमले एक लक्षित हवाई हमले में ईरान के दो वरिष्ठ खुफिया अधिकारी मारे गए हैं। इनकी पहचान अब्दुल्ला जलाली-नसाब और अमीर शरीयत के रूप में की है।



# तानाशाह किम जोंग उन ने बेटी के साथ रॉकेट लॉन्च सिस्टम का परीक्षण किया, कहा- यह परीक्षण दुश्मनों को परेशानी में डालेगा

ब्रह्मास्त्र ›› सियोल

अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया के तानाशाह शासक किम जोंग उन लगातार मिसाइलों और रॉकेट का परीक्षण कर रहे हैं।

रविवार को भी किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ रॉकेट लॉन्च सिस्टम का निरीक्षण किया। देश की सरकारी मीडिया ने रविवार को बताया, किम बेटी के साथ बड़े सैन्य अभ्यास का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान कई रॉकेट लॉन्च सिस्टम का परीक्षण किया गया। पूर्वी तट से 600 एमएम कैलिबर के 12 अल्ट्रा-प्रिसिजन रॉकेट लॉन्चरों का सैन्य अभ्यास किया गया।

पड़ोसी देशों को चेतावनीः किम जोंग ने इस अभ्यास को लेकर कहा कि यह 420 किलोमीटर की मारक क्षमता के भीतर दुश्मन को परेशानी में डाल सकता है। उनका इशारा दक्षिण कोरिया में



तैनात अमेरिकी सैनिकों की ओर था। तानाशाह किम जोंग उन ने यह भी कहा कि इस ड्रिल से दुश्मनों को सामरिक परमाणु हथियारों की विनाशकारी शक्ति की गहरी समझ मिलेगी। इस सैन्य अभ्यास की तस्वीरों में किम जोंग उन के साथ उनकी बेटी किम जू ऐ भी नजर आईं। उन्हें उनका संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है।

उत्तर कोरिया ने हाल ही में अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की धमकी दी थी। दोनों देश फ्रीडम शील्ड सैन्य अभ्यास चल रहे हैं, जिन्हें उत्तर कोरिया अपने खिलाफ हमला करने की तैयारी मानता है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा,मृतक ईद-उल-फितर के लिए नए कपड़े खरीदने निकले थे। दो बच्चे घायल हैं। इजरायली सेना ने कहा, ताम्मून में एक कार के उनकी ओर तेजी से बढ़ने पर गोलीबारी की गई।


## गाजा में हवाई हमला, वेस्ट बैंक में गोलीबारी

**गाजा सिटी।** इजरायल के दो अलग-अलग हमलों में आठ फलस्तीनियों की मौत हो गई। ये हमले ऐसे समय किए गए जब मध्य पूर्व में भारी तनाव की स्थिति है।

जानकारी के अनुसार, इजरायली सेना ने नुसेरत शरणार्थी शिविर पर रविवार को हवाई हमला किया, जिसमें एक मां-बेटे सहित चार लोग मारे गए। महिला गर्भवती थी। इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। बीते साल युद्धविराम समझौता हो जाने के बाद से तटीय क्षेत्र में फलस्तीनियों की मौत की यह ताजा घटना है। इस समझौते का उद्देश्य गाजा में इजरायल और हमास के बीच दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकना था। गाजा के स्वास्थ्य अफसरों ने कहा, हालांकि भीषण लड़ाई थम गई है, फिर भी इजरायल रोजाना गोलीबारी कर रहा है। इजरायली सेना ने बार-बार हवाई हमले किए हैं और सैन्य नियंत्रण वाले क्षेत्रों के पास फलस्तीनियों पर गोलीबारी की है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| 14 | | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 19 | 20 |
| | ■ | 21 | 22 | | 23 | 24 | ■ | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएं से दाएं**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरूरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व महंगे कपड़े का एक प्रकार

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी-5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-5
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | श | ■ | ट | म | ट | म |
| प | ■ | ■ | द | स्त | क | ■ | ■ | हा |
| र | ■ | न | शी | ■ | ला | ज | ■ | ज |
| ख | ल | ना | य | क | ■ | व | त | न |
| ■ | ल | ■ | त | ■ | ना | ■ | री | ■ |
| म | ना | ही | ■ | ह | क | ब | क | ना |
| हा | ■ | न | क | ■ | क | ल | ■ | कि |
| व | ■ | ■ | स | प | ट | ■ | ■ | का |
| त | व | वा | र | ■ | ना | ह | क | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 62 | | 2 | | 22 | = | 75 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 22 | | 20 | | 5 | | 2 | = | 8 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 50 | | 54 | | 10 | = | 36 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 75 | | 40 | | 25 | = | 50 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 49 | | 17 | | 21 | | 9 | = | 97 / 20 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | वं | ध | न | इ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हे | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | हा | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | ट | खी | श | मी | ठे | शि | श | रा | क |
| च | र | ट | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| र्श | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | थिं | त्रि |
| व | रा | व | ल | ध | इ | क | पा | क्षं | ज | दू |
| ग | ण | औ | र | जी | ल | ड्डी | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | जैं | व | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | पे | श | च | तु | र्थी | व | श | त्रु | घ्न | ट |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | | |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | 5 | | | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| | | | 4 | | 5 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो
पढ़ाई के पीछे भागो...
नींद झक मार के आएगी।

000000000

टीचर - भारत की सबसे
खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब
इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000


संता - पंजाब एक्सप्रेस
कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको
जाना कहां है?
संता - कही नहीं...
बस पटरी पर लेटकर
सेल्फी लेनी है।

000000000

सोनू मोनू आपस में बात
कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को
बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।
पति - आज खाना
क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई
और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर
गिर गई थी और
आंख लग गई थी।

000000000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# ईरान में 15 दिन बाद भी सत्ता नहीं बदली

**दो हफ्ते तक ईरान के खिलाफ युद्ध चलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही जीत का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि आखिरी परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि ईरान आगे क्या करता है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नौसेना का बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है। उसकी कई मिसाइलें खत्म हो चुकी हैं और उसके कई टॉप लीडर्स मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद ट्रम्प के वे बड़े राजनीतिक मकसद अब तक पूरे नहीं हुए हैं जिनकी उन्होंने कई बार बात की थी। ईरान में अभी भी पुराना शासन ही कायम है। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल के समुद्री रास्ते को बाधित करके वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मचा दी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान में अभी भी खेल पलटने की ताकत है।**

**तेहरान के पास अभी भी खेल पलटने की ताकत**

# एक्सपर्ट बोले- ट्रम्प अकेले जंग नहीं रोक सकते

## एक्सपर्ट बोले- जंग से हालात और मुश्किल हुए

मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट के एक्सपर्ट ब्रायन कातुलिस ने वॉशिंगटन पोस्ट से कहा कि इस युद्ध ने स्थिति को और ज्यादा मुश्किल बना दिया है। ईरान लंबे समय से अमेरिका के लिए वैश्विक सुरक्षा से जुड़ी बड़ी चुनौती रहा है। राष्ट्रपति जिमी कार्टर से लेकर अब तक लगभग हर अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान के परमाणु कार्यक्रम, उसके क्षेत्रीय सहयोगियों और आतंकवाद के समर्थन जैसे मुद्दों से जूझना पड़ा है।

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2015 में ईरान के साथ एक परमाणु समझौता किया था, जिसके तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कड़े नियंत्रण लगाए गए थे। लेकिन ट्रम्प ने 2017 में सत्ता में आने के बाद इस समझौते को खत्म कर दिया था। उस समय डेमोक्रेट नेताओं ने चेतावनी दी थी कि समझौता खत्म करने से भविष्य में ईरान के साथ युद्ध हो सकता है। हालांकि ट्रम्प के सहयोगियों ने उस आरोप को खारिज कर दिया था।




## होर्मुज स्ट्रेट के ब्लॉक होने से परेशानी बढ़ी

ईरान जंग की वजह से कई ऐसे खतरे भी सामने आ गए हैं जो पहले केवल आशंका माने जाते थे। सबसे बड़ा खतरा होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकरों पर हमले का है। यह 21 मील चौड़ा समुद्री रास्ता ईरान और ओमान के बीच स्थित है। यहीं से सऊदी अरब, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे तेल उत्पादक देशों से दुनियाभर में तेल भेजा जाता है। जंग से पहले तक होर्मुज स्ट्रेट से जुड़े खतरे को केवल एक रणनीतिक आशंका माना जाता था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। एक्सपर्ट ब्रायन कातुलिस का कहना है कि अब यह खतरा पहले से कहीं ज्यादा तात्कालिक और लगातार बना हुआ है।

उनका कहना है कि अभी युद्ध की शुरूआत ही है, लेकिन इससे ईरान का शासन और ज्यादा अनिश्चित हो सकता है। ऐसे में वह किसी भी समय इस स्ट्रेट में जहाजों पर अचानक हमले कर सकता है।



**अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने में नाकाम- व्हाइट हाउस का कहना है कि जब अमेरिका ने ईरान पर हमला करने की योजना बनाई थी, तब यह भी माना गया था कि ईरान इस समुद्री रास्ते को निशाना बना सकता है।**




## अमेरिका में भी दिखने लगा जंग का असर

यह स्थिति ट्रम्प के लिए मुश्किल पैदा करती है, क्योंकि उनकी अपनी ही पार्टी के लोग अब उनसे युद्ध खत्म करके अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। इसी साल नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। युद्ध का असर अमेरिका के अंदर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में लगभग 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। किसानों के लिए खाद महंगी हो गई है और अमेरिकी सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 13 पहुंच गया है।

ईरान ने यह भी दिखाया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने की क्षमता रखता है। इस वजह से यह साफ नहीं है कि अमेरिका अगर अकेले युद्ध रोक भी दे, तो क्या तेल की कीमतों में तुरंत कमी आएगी।



ईरानी हमलों ने फारस की खाड़ी के उन देशों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है जो लंबे समय से अमेरिका के सहयोगी रहे हैं और जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ट्रम्प लगातार यह दावा कर रहे हैं कि युद्ध पर उनका पूरा कंट्रोल है। उन्होंने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज रेडियो से कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब उन्हें लगेगा कि अब इसे खत्म करने का समय आ गया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि युद्ध में जीत हासिल करना और किसी देश के खतरे को लंबे समय तक खत्म करना दो अलग-अलग बातें हैं। कुछ को यह भी डर है कि युद्ध के बाद ईरान के भीतर कट्टरपंथी ताकतें और मजबूत हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में वह परमाणु हथियार बनाने की दिशा में ज्यादा तेजी से आगे बढ़ने का फैसला कर सकता है। ईरान के पास अब भी करीब 440 किलोग्राम समृद्ध यूरेनियम मौजूद है, जिसे अमेरिका और उसके सहयोगी देश एक बड़ा खतरा मानते हैं।

■ वर्ष-12 अंक-131 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 16 मार्च, 2026

### सुभाषितानि

अस्थिरं जीवितं लोके ह्यस्थिरे धनयौवने।
अस्थिराः पुत्रदाराश्च धर्मः कीर्तिर्द्वयं स्थिरम्।।

**भावार्थ** : इस परिवर्तनशील दुनिया में धन, पुत्र, पत्नी और जवानी यह सब एक ही समय में बदल जाता है लेकिन केवल धर्म और प्रसिद्धि दो ऐसी चीजें हैं जो कभी नहीं बदलती, हमेशा स्थिर रहती हैं।

स जीवति गुणा यस्य धर्मो यस्य जीवति।
गुणधर्मविहीनो यो निष्फलं तस्य जीवितम्।।

**भावार्थ** : जिसने भी धार्मिक जीवन जिया है वह सदाचारी, गुणवान है और उसका जीवन सफल होता है और वह वही जीवन जीता है और जो लोग धर्म से दूर रहकर सद्गुणों और धार्मिक कर्मों से दूर रहते हैं,उनका जीवन निष्प्रभावी होता है, उनका जीवन मृत्यु के समान होता है।

## ग्रामजनाः स्लीमानाबाद-स्थानकं नाकाबन्दं कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

शतशः नागरिकाः राष्ट्रियरेलरेलवे (एनएमआर) इत्यस्य जबलपुररेलविभागस्य स्लीमानाबादरेलस्थानकं, मार्चमासस्य परितः कृत्वा चित्रकूट् एक्स्प्रेस्, अम्बिकापुर, सिङ्गरौली इन्टरसिटी एक्स्प्रेस् इत्येतयोः कृते स्थगितस्य आग्रहं कुर्वन्तः नारान् उद्घोषयितुं आरब्धवन्तः। समीपस्थेषु दर्जनशः ग्रामेषु ग्रामजनाः विरोधे भागं गृहीतवन्तः। रेलयानानि स्थगयितुं प्रयत्नाः विफलं कर्तुं प्रचण्डपुलिसबलं, बाधाः च नियोजिताः आसन्। विरोधस्य रेलयानयानस्य प्रभावः न अभवत्। ग्रामजनाः वदन्ति यत् स्लीमानाबादं प्रमुखं वाणिज्यिककेन्द्रम् अस्ति, परन्तु जबलपुर-अम्बिकापुर, जबलपुर-सिङ्गरौली-इण्टरसिटी, जबलपुर-चित्रकूट् एक्स्प्रेस् इत्यादीनां प्रमुखानां रेलयानानां अत्र स्थगितम् नास्ति एतेन छात्राणां, रोगिणां, व्यापारिणां च आवागमनस्य महती कष्टानि भवन्ति।

## सम्पादकीयम्

### क्रीडायाः भावनायाः

बाङ्गलादेशस्य सर्वकारः, बोर्डः च भारते न क्रीडितुं अडिगौ स्तः। क्रीडायाः भावनायाः आहतः : बाङ्गलादेशेन स्वक्रीडकानां सुरक्षाविषये चिन्ता उत्पन्ना, अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेटपरिषदः प्रतिवेदने एतादृशी किमपि चिन्ता निरस्तं भवति। यथार्थतः एषः निर्णयः क्रीडायाः आधारेण न अपितु भूराजनीतेः आधारेण कृतः, यत् क्रिकेट्-क्रीडायाः भावनायाः सर्वथा विरुद्धम् अस्ति। बाङ्गलादेशे एव सर्वाधिकं हानिः भविष्यति इति वरिष्ठः खिलाडी तमिम इकबाल् पूर्वमेव व्यक्तवान् अस्ति। आर्थिकहानिः : बाङ्गलादेशस्य निर्णयेन आगामिषु आईसीसी-कार्यक्रमेषु, द्विपक्षीयश्रृङ्खलासु, अन्यैः बोर्डैः सह सम्बन्धेषु च प्रभावः भवितुम् अर्हति। बीसीबी चिरकालात् आर्थिकरूपेण संघर्षं कुर्वन् अस्ति, यदि विश्वकप-क्रीडायां न क्रीडति तर्हि आईसीसी-संस्थायाः शुल्कस्य, राजस्वस्य च भागं नष्टं भविष्यति एतत् पादे स्वयमेव निपातनम् इव अस्ति। गम्यमानः अवसरः बाङ्गलादेशः १९८६ तमे वर्षे प्रथमं एकदिवसीयं क्रीडितवान् परन्तु चतुर्दशकेभ्यः अनन्तरम् अपि प्रमुखदलेषु स्वस्थानं स्थापयितुं न शक्तवान् अद्यत्वे अपि अस्य कार्यप्रदर्शनम् अत्यन्तं अस्थिरम् अस्ति, अस्य एकं कारणं प्रमुखानां अवसरानां अभावः अस्ति। बाङ्गलादेशादिदलानां कृते विश्वकपः एव मञ्चः यत्र तस्य क्रीडकाः प्रदर्शनं कर्तुं शक्नुवन्ति, वैश्विकं ध्यानं च प्राप्तुं शक्नुवन्ति। बोर्डः, सर्वकारः च तेभ्यः एतत् अवसरं हरन्ति।

### इराणस्य पूर्वसर्वोच्चनेतुः खामेनी इत्यस्य समर्थने नाराः उत्थापिताः

## यः घोषितवान् यत् खामेनी प्रत्येकं गृहात् उद्भवति, इजरायल्-अमेरिका



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

इराणस्य पूर्वसर्वोच्चनेतुः खामेनी इत्यस्य समर्थने नाराः उत्थापिताः, यः घोषितवान् यत् खामेनी प्रत्येकं गृहात् उद्भवति, इजरायल्-अमेरिका-देशयोः प्रति क्रोधः प्रकटितः

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरे रात्रौ शतशः शियापुरुषाः, महिलाः, बालकाः च इराणस्य पूर्वसर्वोच्चनेतुः आयातल्लाह अली खामेनी इत्यस्य समर्थने मार्गेषु प्रविष्टाः। खामेनी इत्यस्य चित्राणि मोमबत्तयः च धारयन्तः ते एकस्मिन् स्वरेण जपन्ति स्म यत् भवन्तः कति खामेनीः मारयिष्यन्ति? अधुना खामेनी प्रत्येकं गृहात् निर्गमिष्यति। शिया सुन्नी च भ्रातरौ अल्लाह हू अकबर इति।

इजरायल-अमेरिका-देशयोः प्रति शिया-समुदायस्य क्रोधः स्पष्टतया स्पष्टतया दृश्यते स्म, यत् बेल्बैग-नगरस्य, फुटल्-चतुष्कस्य, मुमताज्-भवनं यावत् अभवत् शियासमुदायस्य सदस्याः इजरायलस्य राष्ट्रपतिः बेन्जामिन नेतन्याहू, अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः च हत्याराः इति उक्तवन्तः। अञ्जुमाननिदा-ए-इस्लाम इत्यस्य बैनरेण आयोजिते प्रायः २ किलोमीट 'व्यासस्य रैलीयां शतशः जनाः भागं गृहीतवन्तः। देशस्य राष्ट्रपतिं प्रति ज्ञापनपत्रं प्रस्तौति शियासमुदायः शियानेता सर्वोच्चनेता आयातल्लाह अली खामेनी इत्यस्य शहादतस्य विषये अन्यैः मुस्लिमसमुदायैः तेषां समर्थकैः च गभीरं नाराजगीं प्रकटितवान्। तेषां कथनमस्ति यत् एषा घटना मानवतायाः विरुद्धा, अन्तर्राष्ट्रीयशान्तिविरुद्धा च अस्ति। जववर हुसैन जैदी इत्यनेन उक्तं यत् अमेरिका-इजरायल-देशयोः युद्धकार्याणि सर्वथा गलतानि सन्ति, वयं च तान् दृढतया निन्दयामः सः व्याख्यातवान् यत् ते सर्वे भारतसर्वकारेण अस्मिन् विषये हस्तक्षेपं कृत्वा अमेरिका-इजरायलयोः उपरि दबावं स्थापयन्ति यत् युद्धं तत्क्षणमेव स्थगयितुं शक्नुवन्ति, यतः युद्धेन सर्वदा नागरिकजनसङ्ख्यायाः हानिः भवति। युद्धेन कदापि कस्यचित् देशस्य लाभः न अभवत्। शियासमुदायस्य सदस्याः शान्तिं पुनः स्थापयितुं मध्यपूर्वे प्रचलति युद्धं निर्दोषाणां वधं च स्थगयितुं आह्वानं कृतवन्तः। शियासमुदायस्य सदस्याः अवदन् यत् भारतं विश्वनेता अस्ति, अधुना स्वस्य उत्तरदायित्वं स्कन्धे ग्रहीतव्यम् इति। वयं खामेनेई इत्यस्य प्रतिशोधं इच्छामः - आन्दोलनकारी सकिना फातिमा अवदत् यत्, वयं प्यालेस्टाइन-इरान्-देशयोः जनाः शोकग्रस्ताः स्मः।

### एतैः परियोजनाभिः

## रेलमार्गजालस्य विस्तारः प्रायः १९२ कि.मी. एतयोः परियोजनायो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

एतैः परियोजनाभिः रेलमार्गजालस्य विस्तारः प्रायः १९२ कि.मी. एतयोः परियोजनायोः-सन्तिया-पाकुरचतुर्थपङ्क्तिः, सन्त्रागाची-खरगपुरचतुर्थरेखा च-प्रायः ?४,४७४ कोटिरूप्यकाणां व्ययः भविष्यति, २०३०-३१ यावत् सम्पन्नः भविष्यति

एतेषां रेखानां निमार्णेन रेलयानक्षमता वर्धते, रेलसञ्चालने समयपालने च सुधारः भविष्यति, यात्रिकाणां मालवाहनस्य च लाभः भविष्यति । एतेन प्रायः १४.७ लक्षजनसंख्यायुक्तेषु ५६५२ ग्रामेषु रेलसंपर्कस्य उन्नतिः भविष्यति। एतेन बोलपुर-सन्तिनिकेतन, तारापिठ, भीमबन्ध वन्यजीव अभयारण्य इत्यादीनां महत्त्वपूर्णपर्यटनस्थलानां प्रवेशः अपि सुलभः भविष्यति। अङ्गारः, सीमेण्टः, लोहः, इस्पातः, धान्यम् इत्यादीनां आवश्यकवस्तूनाम् परिवहनं च त्वरितं सुव्यवस्थितं च करिष्यति।

तृतीयम्: सर्वकारेण स्वस्य प्रमुखा परियोजना जलजीवनमिशन २.० इति अनुमोदनं कृतम् अस्ति। अस्य द्वितीयचरणस्य उद्देश्यं २०२८ तमस्य वर्षस्य डिसेम्बरमासपर्यन्तं देशे १२६ मिलियनग्रामीणगृहेभ्यः नलजलसंयोजनं प्रदातुं वर्तते। अस्य कृते बजटं ८.६९ लक्षकोटिपर्यन्तं वर्धितम् अस्ति

चतुर्थः - मार्गजालस्य अधिकं सुधारं कर्तुं बदनावर-ठण्डला-तिमारवानी एनएच 752डी चतुःलेनिंगस्य अनुमोदनं कृतम् अस्ति। जेवरविमानस्थानकं नोएडा-फरीदाबादं च सम्बद्धं कृत्वा उन्नतमार्गस्य निमार्णाय अपि अनुमतिः प्रदत्ता अस्ति, येन यात्रा सुलभा भवति। पञ्चमम्: तमिलनाडुदेशस्य ऐतिहासिकनगरस्य मदुरैनगरस्य विमानस्थानकं अन्तर्राष्ट्रीयपदवीं प्राप्तुं अनुमोदितम् अस्ति। एतत् नगरं सांस्कृतिकधार्मिकस्थलानां कृते प्रसिद्धम् अस्ति अतः अन्तर्राष्ट्रीयपदवीं।

## राशिफल

**मेष** : धीरे-धीरे लेकिन लगातार फायदा होगा। काम का इनाम लगातार कोशिश और सोच-समझकर किए गए विकल्पों से मिलता है।

**वृषभ** : एनर्जी और क्लियर मोमेंट लेकर आएगा। नई सीख और छोटी ट्रिप से नए आइडिया आ सकते हैं।

**मिथुन** : जब आप एक आसान बजट बनाते हैं तो पैसे का मामला बेहतर लगता है। छोटे-छोटे आराम के ब्रेक लें।

**कर्क** : आप खुशमिजाज महसूस कर सकते हैं। मददगार लोगों से मिलें। नई चीजें सीखेंगे, और पैसे के मामले में सुरक्षित फैसले लेंगे।

**सिंह** : छोटी रकम बचाएं और बिना सोचे-समझे खरीदारी करने से बचें। स्टेबल रहने के लिए अपना ख्याल रखें।

**कन्या** : लव लाइफ में रोमांस को अपनाएं और अपने लवर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना पसंद करें।

**तुला** : आप सभी काम अच्छे से पूरे कर लेंगे। आज आपकी फाइनेंशियल सिचुएशन बहुत अच्छी रहने वाली है।

**वृश्चिक** : जिंदगी के प्रति पॉजिटिव सोच रखने की कोशिश करें। रिश्ते में सब्र रखने की कोशिश करें।

**धनु** : अपनी लव लाइफ से जुड़ी दिक्कतें ठीक करें। इस बात का भी ध्यान रखें कि ऑफिस में आपका दिन अच्छा रहे।

**मकर** : आपकी लव लाइफ में सरप्राइज मिल सकते हैं। अपने खर्चों पर नजर रखें, साथ ही प्रोफेशनल सफलता भी मिल सकती है।

**कुंभ** : अपने लवर के साथ झगड़े सुलझाकर दिन को खुशनुमा बनाएं। आज के दिन आपका प्रोफेशनल शेड्यूल बिजी रहेगा।

**मीन** : कोई बड़ी मेडिकल प्रॉब्लम आपको परेशान नहीं कर सकेगी। प्रोफेशनल तौर पर आज आप बहुत अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं।

### ज्योतिष/वास्तु

# खरमास में इन राशि वालों का बढ़ेगा तनाव, यात्रा और लाभ में आएंगी दिक्कतें

खरमास के दौरान विवाह और गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्यों को नहीं करना चाहिए। यह अशुभ अवधि होती हैं, जिसका प्रभाव कुछ राशियों पर भी दिखाई देता है। इसलिए इन जातकों को इस समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

ज्योतिष शास्त्र में सूर्य का राशि परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। वह हर माह गोचर करते हुए राशियों पर अपना शुभ-अशुभ प्रभाव डालते हैं। लेकिन सूर्य का मीन में गोचर अधिक महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इससे खरमास लगता है। बता दें, 14 मार्च को रात 1 बजकर 8 मिनट पर सूर्य देव मीन राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस गोचर के साथ ही खरमास की शुरूआत भी हो जाएगी। यह अवधि करीब एक महीने तक रहती है, जिसमें कुछ राशियों की मुश्किलें बढ़ सकती



हैं। बता दें, खरमास एक अशुभ समय होता है, जिसमें सूर्य की स्थिति कमजोर होती है। इसलिए इस समय कोई शुभ शुभ-मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए। वहीं इस दौरान इन 3 राशियों को विशेष तौर पर सावधानी बरतने की आवश्यकता रहने वाली हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**मिथुन राशि के लोग रहें अलर्ट-** खरमास में मिथुन राशि के जातकों को थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत पड़ सकती है। आप नए काम का प्रारंभ न करें अन्यथा तनाव बढ़ सकता है। नौकरी और करियर से जुड़े मामलों में मन थोड़ा परेशान रहेगा। मिथुन राशि के लोगों के लिए किसी बड़े फैसले को फिलहाल टालना ही बेहतर रहेगा। धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों पर बड़ी धन राशि खर्च कर सकते हैं।

**तुला राशि वालों की बढ़ सकती हैं परेशानियां-** तुला राशि वालों के लिए खरमास का समय थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। आपका मानसिक तनाव बढ़ सकता है और पुरानी बातों का भार रहेगा। खर्चों में भी वृद्धि होने की संभावना है, इसलिए अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। किसी पर भी आंख बंद करके भरोसा करने से बचें। सेहत आपकी चिंता का विषय बन सकती है। किसी बात को लेकर वाद-विवाद होने की आशंका रहेगी।

**धनु राशि-** धनु राशि के जातकों को इस दौरान सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। व्यापार या नौकरी से जुड़े मामलों में जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें। कार्यक्षेत्र में चुनौतियां आ सकती हैं। धैर्य और समझदारी से काम लेने पर स्थितियां सामान्य होंगी। छात्रों का मन पढ़ाई लिखाई से उचट सकता है। वाहन का प्रयोग सावधानी के साथ करें। सेहत का ध्यान रखें और किसी भी चीज को लेकर लापरवाही न करें।

## खबर एक नजर...

### विक्रम उत्सव 2026ः मुख्य कार्यक्रम की तैयारी शुरू, शिप्रा तट पर हुआ पूजन

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित विक्रम उत्सव 2026 का मुख्य कार्यक्रम 19 मार्च को शाम 7 बजे शिप्रा तट पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।मुख्य कार्यक्रम के सफल और निर्विघ्न आयोजन की कामना को लेकर रविवार सुबह शिप्रा तट पर मां शिप्रा और भूमि का विधिवत पूजन किया गया। पूजन महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी एवं समाजसेवी नरेश शर्मा द्वारा संपन्न किया गया। पूजन पंडित गौरव जी उपाध्याय ने करवाया। शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी के अनुसार 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम ह्लसृष्टि आरंभ दिवस झ्र उज्जयिनी गौरव दिवसह्व के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण भी प्रदान किए जाएंगे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय सम्मान (एक करोड़ एक लाख रुपये), राष्ट्रीय सम्मान (इक्कीस लाख रुपये) तथा तीन राज्य स्तरीय सम्मान (पांच-पांच लाख रुपये) शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रकाशन लोकार्पण भी होगा, जिसमें कालगणना केंद्रित विक्रम पंचांग 2083, भारत निधि (मोनोग्राफ), आर्य भारत, 84 महादेव तथा विक्रमांक (पत्रिका) का विमोचन किया जाएगा। इसी के साथ मुख्य आयोजन के लिए शिप्रा तट पर वृहद मंच का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कलाकार और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। पूजन के दौरान शोध पीठ के रितेश वर्मा एवं शुभम अहिरवार, अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रंगोली ढाबा के बाहर झोले में बीयर लेकर खड़ा था व्यक्ति, बिरलाग्राम पुलिस ने दबोचा



**उज्जैन।** अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत नागदा के बिरलाग्राम थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से बीयर रखते हुए पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से विभिन्न ब्रांड की कुल 28 कैन बीयर जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कस्बा भ्रमण के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रंगोली ढाबा के बाहर एक व्यक्ति झोले में अवैध शराब लेकर खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति झोला लेकर खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हिरालाल पिता किशनलाल (59) निवासी श्रीराम कॉलोनी, मनोहर वाटिका के पीछे, नागदा बताया। हाथ में पकड़े झोले की तलाशी लेने पर लेमाउंट कैन बीयर 12 नग, लेमाउंट बीयर 6 नग और किंगफिशर बीयर 10 नग बरामद हुई। जब्त बीयर की कुल कीमत करीब 5,200 रुपए बताई गई है।

**लाइसेंस नहीं दिखा सका, दर्ज हुआ केस**

पुलिस ने आरोपी से शराब रखने और बेचने के संबंध में लाइसेंस के बारे में पूछताछ की, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम से जुड़े मामले दर्ज हो चुके हैं, जिससे अवैध शराब के कारोबार से उसका संबंध होने की आशंका जताई जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार, प्रधान आरक्षक गणेश पटेल, आरक्षक सोदागर जाट और

1 7 0


# उच्च अध्ययन के लिए कनाडा गए उज्जैन के छात्र की हत्या

## सवा साल पहले गया था कनाडा, आपसी विवाद में हुआ हमला, परिवार ने सरकार से शव को उज्जैन लाने के लिए मदद मांगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सवा साल पहले उच्च अध्ययन के लिए कनाडा गए उज्जैन निवासी सिख छात्र गुरकीरत पिता गुरमीत मनोचा 26 वर्ष की वहां कालेज के छात्रों में आपसी विवाद में कुछ युवकों ने हमला कर हत्याकर दी है। विवाद में इसी युवक को चोंट आई। घटना की जानकारी अन्य भारतीय छात्रों ने पहले सोश्यल मिडिया से परिवार को दी बाद में मोबाईल काल पर घटना की पुष्टि की है।

सवा साल पहले गुरूकीरत उज्जैन से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई करने फोर्ट सेंट जॉन, ब्रिटिश कोलंबिया नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज गए थे। वे नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट पोस्ट-डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई कर रहे थे। उनके परिवारजनों के अनुसार शनिवार 14 मार्च 2026 को वहां पर कालेज के छात्रों में आपसी





विवाद के बाद चार्ली लेक के समीप उन पर जानलेवा हमला किया। इसमें गुरकीरत की मौत हो गई। परिवार में इस वारदात की सूचना कनाडा में रहने वाले उनके एक मित्र ने देर रात फोन पर गुरकीरत के भाई प्रबकीरत सिंह मनोचा, निवासी रायपुर, को दी।

गुरकीरत के रायपुर निवासी भाई को उसके मित्र जालंधर निवासी कौशल झा ने घटनाक्रम की पुष्टि की है। मृतक के पिता श्री गुरजीत सिंह मनोचा उज्जैन में देवास रोड स्थित उ-86 पार्श्वनाथ सिटी में निवास करते हैं। वर्तमान में कनाडा पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारण और अन्य विस्तृत जानकारी स्पष्ट रूप से सामने आ सकेगी। मृतक छात्र के भाई प्रबकीरत ने हमले में मात्र गुरकीरत को ही चोंट आने पर सवाल उठाया है। उनके अनुसार कनाडा पुलिस ने गुरकीरत की पहचान के लिए हमें फोटो भेजकर संबंधित प्रक्रिया की जांच में शामिल किया है। उनके अनुसार पिता गुरमीत सिंग मनोचा एफएमसीजी व्यापार से जुडे हैं और वे खूद रायपुर में कमर्शियल वर्किंग से जुडे हुए हैं। परिवार में वे दोनों पुत्र ही हैं उनकी कोई बहन नहीं है। गुरकीरत अविवाहित थे। प्रबकीरत ने बताया की वे भारत सरकार की मदद से अपने भाई के शव को यहां लाकर उसका अंतिम संस्कार करना चाहते हैं।

**कर निपटाने उमड़े करदाता**

# लोक अदालत में निगम को मिला 7.48 करोड़ का राजस्व

## वित्तीय वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत में करदाताओं की बढ़ी भागीदारी.. संपत्तिकर-जलकर की रिकॉर्ड वसूली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वित्तीय वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत नगर निगम के लिए राजस्व संग्रह के लिहाज से बेहद सफल साबित हुई। शनिवार को आयोजित लोक अदालत में निगम ने एक ही दिन में 7 करोड़ 48 लाख 12 हजार 824 रुपए की कर वसूली दर्ज की। इसमें 6 करोड़ 91 लाख 84 हजार 817 रुपए संपत्तिकर तथा 56 लाख 28 हजार 7 रुपए जलकर के रूप में प्राप्त हुए।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन और निगरानी में यह विशेष अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे से ही निगम के सभी जोन कार्यालयों में राजस्व अमला सक्रिय हो गया था और देर रात करीब 11 बजे तक कर वसूली का सिलसिला जारी रहा। निगम प्रशासन ने इस अभियान के तहत करदाताओं को बकाया कर जमा करने




के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही राहत योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया।

लोक अदालत के दौरान बड़ी संख्या में करदाता स्वयं जोन कार्यालयों में पहुंचे और अपने बकाया संपत्तिकर व जलकर का भुगतान किया। इसके साथ ही निगम के राजस्व अमले ने बड़े बकायादारों से सीधे संपर्क कर वसूली की प्रक्रिया तेज की। कई स्थानों पर टीमों ने डोर-टू-डोर पहुंचकर भी कर वसूली की, जिससे राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# आठ माह की गर्भवती महिला बाथरूम में फंदे पर लटकी मिली

## नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर में गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर में रविवार सुबह आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला बाथरूम के अंदर फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान निर्मला (32) पति मायापुरी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गुना जिले के सुसनेर क्षेत्र की रहने वाली थी निर्मला ने मायापुरी नामक युवक से प्रेम विवाह किया था और वह वर्तमान में अपने पति मायापुरी के साथ ही उज्जैन में रह रही थी। बताया जाता है कि मायापुरी निर्मला से 6 साल छोटा है प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि निर्मला करीब आठ माह की गर्भवती थी।

**सुबह दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला शव-** पुलिस के मुताबिक



रविवार सुबह जब मायापुरी की नींद खुली तो बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर उसने दरवाजा तोड़ा तो निर्मला फंदे पर लटकी हुई मिली। इसके बाद उसने उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी।

जांच में सामने आया है कि निर्मला और मायापुरी ने प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि मायापुरी उम्र में निर्मला से करीब छह साल छोटा है और शहर के एक मैरिज गार्डन में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है।

### गुना जाने वाले थे दोनों..

पति मायापुरी ने पुलिस को बताया कि दोनों को अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली सरकारी राशि के संबंध में गुना जाना था। लेकिन उसे नौकरी से छुट्टी नहीं मिलने के कारण उसे गुना जाना कैंसिल करना पड़ा। इसी बात को लेकर शनिवार रात पति-पत्नी के बीच कहासुनी भी हुई थी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति होगी स्पष्ट

सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# बेटी के प्रेम विवाह से दुःखी होकर पिता ने लगाई फांसी

## मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट में लिखा पड़ोस में रहने वाली महिला ने मेरा घर उजाड़ दिया में समाज में मुंह दिखाने काबिल भी नहीं बचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागझिरी क्षेत्र के ग्राम मानपुरा में रहने वाले एक व्यक्ति ने बेटी द्वारा प्रेम विवाह करने से दुखी होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है जिसमें लिखा है कि पड़ोस में रहने वाली महिला ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। उसकी पुत्री को प्रेम विवाह करने के लिए उकसाया और गांव के एक युवक के साथ प्रेम विवाह करवाया और दोनों भाग गए। मैं समाज में मुंह दिखाने के काबिल भी नहीं बचा हालांकि पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस



परिजनों के बयान लेकर पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि मानपुरा में रहने वाले जीवनसिंह धोलपुरिया पिता तेजाराम ने फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पहले जीवन सिंह ने नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाले अपने जीजा भगवान सिंह को फोन कर कहा कि मैं फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहा हूं। जीजा ने उसे कहा कि ऐसा कदम मत उठाना और इसकी जानकारी जीजा ने तुरंत पुलिस और जीवन सिंह के परिवार के सदस्यों को दी। परिवार के सदस्य व पुलिस घर पहुंची तो वह फंदे पर लटका मिला। फंदे से उतारकर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है जिसमें मृतक ने लिखा है कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला भूरी बाई ने उसे परेशान कर रखा था तथा उसका घर उजाड़ में इस महिला का हाथ है। उसकी पुत्री द्वारा जो प्रेम विवाह किया गया है। उसमें भी पड़ोस में रहने वाली महिला भूरी बाई व उसके पति राहुल का हाथ है। इन दोनों ने ही मेरी बेटी को बहला फुसलाकर उसका विवाह लखन से करवा दिया और दोनों भाग गए। इस वजह से मैं समाज में मुंह दिखाने के काबिल भी नहीं बचा । इस कारण में काफी दुखी हूं। जीवन सिंह ने सुसाइड नोट में लिखा कि इन तीनों ने मेरे जीवन को नर्क बना दिया है।

**परिवार में दो बेटी और एक बेटा** – जीवनसिंह के भाई ने बताया कि जीवन की दो बेटियां और एक बेटा है। वह एमपीइबी में ठेके पर काम करता था। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस मामले में मृतक के परिजनों के बयान लेकर पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com